




बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 29 जून 2026 | दिन - सोमवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 152 | मूल्य - 5 रुपये









## भारत का विजन हिंद महासागर को 'अवसरों का महासागर' बनाना है: प्रधानमंत्री मोदी

**विक्टोरिया (सेशेल्स), (भाषा)।**

***सेशेल्स के साथ द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को और अधिक मजबूत एवं भविष्योन्मुखी बनाने के तौर-तरीकों पर रविवार को राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत एक ऐसे हिंद महासागर की कल्पना करता है जो आपसी सम्मान और भरोसे पर आधारित समुद्री सुरक्षा एवं आर्थिक समृद्धि से युक्त हो।***



राष्ट्रपति हर्मिनी के साथ व्यापक वार्ता करने वाले मोदी ने कहा कि दोनों इस बात पर सहमत हैं कि हिंद महासागर ''हमारा साझा घर'' है और इसलिए ''इसकी सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि हमारी साझा ज़िम्मेदारी है''। मोदी ने हर्मिनी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद कहा, ''हमारा नजरिया हिंद महासागर को अवसरों का महासागर बनाना है।'' इस बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और सेशेल्स के बीच आर्थिक साझेदारी का जायजा लिया तथा उद्योगों, कनेक्टिविटी, प्रौद्योगिकी, डिजिटल अवसंरचना एवं अन्य क्षेत्रों में नए अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि हिंद महासागर हमारा साझा घर है। इसकी सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि हमारी साझा ज़िम्मेदारी है। यही भावना हमारे 'महासागर' (महासागर - क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र प्रगति) विज़न का आधार है।'' मोदी ने कहा कि उनका मानना है कि भारत और सेशेल्स की रक्षा और सुरक्षा ''एक-दूसरे से जुड़ी हुई'' हैं। उन्होंने कहा, ''हम इस दिशा में अपना करीबी सहयोग जारी रखेंगे।'' उन्होंने कहा, ''हम दोनों देशों के उद्योगों के लिए नए मौकों की तलाश जारी रखेंगे। हम भारत और सेशेल्स के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में भी काम करेंगे। इससे न सिर्फ़ हमारे आपसी व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पूर्वी अफ्रीका और हिंद महासागर क्षेत्र के साथ भी हमारे संबंध मज़बूत होंगे।'' वार्ता के बाद भारत और सेशेल्स ने रविवार को 19 महत्वपूर्ण समझौतों की घोषणा की, जिससे रक्षा और समुद्री सुरक्षा से लेकर डिजिटल भुगतान, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार किया जाएगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन समझौतों में प्रत्यर्पण संधि, बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग संबंधी समझौता, सेशेल्स में यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने का समझौता, एक्सपोर्ट-इंपोर्ट बैंक ऑफइंडिया (एक्ज़िम बैंक) के साथ एक व्यापक ऋण सुविधा समझौता तथा नए सेशेल्स राष्ट्रीय अस्पताल की प्रारंभिक तैयारियों से संबंधित समझौता शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों ने सेशेल्स को एक तेज गश्ती पोत उपहार में देने, सेशेल्स रक्षा बल को 10 यूटिलिटी वाहन और पांच 'लेजर रेडियल' श्रेणी की नौकाएं सौंपने, सेशेल्स तटरक्षक बल के पोत 'पीएस जोरोस्टर' के पुनर्निर्माण कार्य के पूरा होने तथा डोर्नियर विमान को आधुनिक ग्लास कॉकपिट प्रणाली से उन्नत करने की भी घोषणा की।

मोदी ने कहा कि उनकी यह यात्रा एक ऐतिहासिक मौके पर हो रही है, क्योंकि सेशेल्स अपनी आज़ादी के 50 साल पूरे कर रहा है और दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 50वीं सालगिरह मना रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इन पांच दशकों में, हमने दोस्ती को भरोसे में, भरोसे को सहयोग में और सहयोग को अपने लोगों की भलाई में बदला है।'' मोदी ने याद दिलाया कि इस साल के शुरू में राष्ट्रपति हर्मिनी की भारत यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने 175 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक विशेष पैकेज की घोषणा की थी। उन्होंने कहा, ''इस पैकेज के तहत सामाजिक आवास, परिवहन, कौशल विकास, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और रक्षा जैसे क्षेत्रों में काम चल रहा है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''उर्जा और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों में हमारा सहयोग लगातार आगे बढ़ रहा है। हम हरित हाइड्रोजन सहित स्वच्छ ऊर्जा के उभरते क्षेत्रों में अपनी फयदेमंद साझेदारी को और मजबूत करेंगे। समुद्री अर्थव्यवस्था हमारे संबंधों का एक स्वाभाविक और रणनीतिक स्तंभ है।''

मोदी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और लघु द्वीपीय विकासशील देशों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में उनके योगदान के लिए रविवार को सेशेल्स ने 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' की मानद उपाधि से सम्मानित किया। यह किसी विदेशी राष्ट्र से उन्हें मिला 34वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने यहां मोदी को यह सम्मान प्रदान किया। सेशेल्स की ओर से दिया जाने वाला यह अपनी तरह का पहला सम्मान है। मोदी ने सम्मान प्राप्त करने के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, ''मुझे 'गार्जियन ऑफद ब्लू होराइजन' सम्मान से सम्मानित करने के लिए सेशेल्स की जनता, सरकार और राष्ट्रपति हर्मिनी का हृदय से आभारी हूं।''












## राम मंदिर चढ़ावा चोरी के लिए ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष पहले जिम्मेदार : अविमुक्तेश्वरानंद

**रामपुर (उप्र), (भाषा)।**

ज्योतिर्मठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी के लिए रविवार को 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के कोषाध्यक्ष को जिम्मेदार ठहराया।



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पत्रकारों से कहा, ''मुख्य जिम्मेदारी कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरि की है, उसके बाद अनिल मिश्रा की, जो वहां के सभी कामों में सक्रिय रूप से शामिल हैं। चंपत राय की जिम्मेदारी तीसरे नंबर पर आती है। फिर भी, आप चंपत राय को पहले नंबर पर रख रहे हैं --- यह कैसा न्याय है?'' स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की यह टिप्पणी 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के महासचिव चंपत राय और इसके सदस्य अनिल मिश्रा के अपने पदों से इस्तीफ़ा देने के एक दिन बाद आई है।

## फ्रांस में 'स्काइडाइविंग' विमान दुर्घटनाग्रस्त, 11 लोगों की मौत..

**टॉम्बलेन (फ्रांस), (एपी)।**

उत्तर-पूर्वी फ्रांस में रविवार को 'स्काइडाइविंग' में इस्तेमाल होने वाला एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे इसमें सवार सभी 11 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। क्षेत्र के एक अधिकारी (प्रीफेक्ट) यवेस सेगुई ने बताया कि नैंसी शहर के बाहरी इलाके में नैंसी-एसी एयरफील्ड से उड़ान भरने के बाद विमान में खराबी आ गई और वह नीचे गिर गया। गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज ने बताया कि मरने वालों में 'पैराशूटिंग' सिखाने वाले पांच प्रशिक्षक, पांच नए जंपर और पायलट शामिल थे। परिवहन मंत्री फिलिप टैबारोट ने कहा कि यह पिछले लगभग 30 वर्षों में फ्रांस में स्काइडाइविंग से जुड़ा सबसे बड़ा विमान हादसा है। 'मर्थ-ए-मोसेल' क्षेत्र के अधिकारी सेगुई ने कहा, ''अगर यह घटना कुछ मीटर दूर हुई होती, तो इस हादसे में और लोगों को भी नुकसान हो सकता था।''

### पुणे केतन अग्रवाल हत्याकांड

## लोहागढ़ में धक्का देने सिया के बैठने का संकेत उसकी सुरक्षा के लिए भी था, पुलिस का दावा..

**पुणे, (भाषा)।**

पुणे के रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की मंगेतर सिया गोयल कथित तौर पर न केवल अपने प्रेमी चेतन चौधरी को लोहागढ़ किले से केतन को धक्का देने का संकेत देने के लिए बैठी थी, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए भी कि धक्का दिए जाने के दौरान वह खुद केतन की पहुंच से दूर रहे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, चेतन चौधरी ने भी वारदात से पहले पूरी तैयारी की थी। वह ऐतिहासिक स्थल तक स्कूटर से गया, क्योंकि उसे आशंका थी कि यदि वह कार से जाता तो टोल प्लाजा के रिकॉर्ड के जरिए उसकी पहचान हो सकती है। इसने बताया कि 20 वर्षीय सिया गोयल और 22 वर्षीय चेतन चौधरी को 25 वर्षीय केतन अग्रवाल की हत्या की साजिश रचने और 18 जून को पुणे जिले के लोहागढ़ किले से उसे खाई में धक्का देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि योजना के अनुसार सिया गोयल को बैठकर संकेत देना था, जिसके बाद चेतन चौधरी पीछे से आकर केतन अग्रवाल को खाई में धक्का दे देता। अधिकारी के अनुसार, दोनों ने इस योजना को सटीकता के साथ अंजाम दिया। दोनों ने तय किया था कि सिया या तो पानी पीने के बहाने या जूते के फीते बांधने के बहाने बैठेगी और उसका बैठना ही चेतन के लिए हमला करने का संकेत होगा। पुलिस के अनुसार, यह तरीका सिया गोयल की सुरक्षा को ध्यान में रखकर भी अपनाया गया था। अधिकारी ने कहा, ''बैठकर संकेत देने का तरीका जानबूझकर चुना गया था ताकि धक्का दिए जाने के समय सिया केतन की पहुंच से बाहर रहे। दोनों को आशंका थी कि यदि चेतन, केतन को धक्का देता और गिरते समय केतन सिया को पकड़ने की कोशिश करता, तो वह भी खाई में गिर सकती थी। इसलिए पूरी योजना उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाई गई थी।''जांच में यह भी सामने आया कि सह-आरोपी चेतन चौधरी ने अपनी मौजूदगी छिपाने के लिए विशेष सावधानी बरती। पुलिस के अनुसार, वह 18 जून को पुणे से करीब 90 किलोमीटर दूर स्थित लोहागढ़ किले तक कार के बजाय स्कूटर से गया, ताकि टोल प्लाजा के रिकॉर्ड में उसकी कार का पता न चल सके। पुलिस ने वह स्कूटर जब्त कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि वारदात के बाद चेतन उसी स्कूटर से पुणे लौट गया। जांच में यह भी पता चला कि किले पर पहुंचने के बाद उसने अपना हुलिया बदल लिया था। अधिकारी ने कहा, ''वह किले पर हुडी पहनकर चढ़ा, बाद में उसे उतारकर उसने काली टी-शर्ट पहन ली और लौटते समय फिर से हुडी पहन ली। पुलिस का मानना है कि ऐसा पहचान छिपाने के लिए किया गया।''






जग प्रेरणा
# live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई









## बालाघाट में युवा कांग्रेस ने बेरोजगारी, पेपर लीक, महंगाई को लेकर किया प्रधानमंत्री का पुतला दहन..

### प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने कहा.. सरकार कर रही युवाओं का भविष्य बर्बाद..









जगप्रेरणा बालाघाट।

*युवा कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को काली पुतली चौक पर धरना-प्रदर्शन एवं जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की गई तथा प्रतीकात्मक रूप से प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के*

बाद राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया। धरना-सभा में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, विधायक अनुभा मुंजारे, विधायक विवेक (विक्की) पटेल, उमेद लिहारे, जीतू बर्वे, भुरु पटेल, रहीम खान, अनिल सोनी, श्याम पंजवानी, अनिल बनोटे, नितिन शिवहरे, महेश सहारे, दयाल वासनिक सहित कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। हालांकि कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेता अनुपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश का युवा बेरोजगारी, पेपर लीक, भर्ती घोटालों और भ्रष्टाचार से परेशान है, जबकि सरकार केवल घोषणाओं और प्रचार तक सीमित है।

नेताओं ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रही अनियमितताओं से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, सरकारी भर्ती घोटालों की जांच, कॉलेज छात्रों की छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान, बेरोजगारी भत्ता, किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, डीएपी खाद के दाम कम करने, किसानों को 24 घंटे निःशुल्क बिजली, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में कमी, महंगाई और भ्रष्टाचार पर रोक तथा आदिवासियों की जमीन को भू-माफियाओं से बचाने सहित कई मांगें उठाई गईं। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने कहा कि प्रदेश और देश का युवा अपने भविष्य को लेकर सबसे अधिक चिंतित है। रोजगार के अवसर लगातार कम हो रहे हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है और कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी।

मीडिया से चर्चा के दौरान घनघोरिया ने प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के हालिया बयान पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वरिष्ठ मंत्री को मर्यादित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि है और नेताओं को जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।

## समर्थन मूल्य बढ़ाया नहीं और खाद के दाम दोगुने बढ़ा दिये..

### बालाघाट मे किसान गर्जन संगठन अध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस मे सुनाया किसानो का दुखड़ा, बोले किसानो मे निरंतर असंतोष..




जगप्रेरणा बालाघाट।

*मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने सत्ता पर रहते हुए सत्ता में वापसी करने पर छ.ग. की तरह ही किसानों को 3100 रुपये धान का समर्थन मूल्य देने का वादा*

किया था, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव को तीन साल पुरे होने आ रहे हैं, और सरकार ने समर्थन मूल्य तो नहीं बढ़ाया उल्टे महंगाई बढ़ती जा रही है और जो खाद पहले 1350 रुपये थी, अब वह बढ़कर 2450 रुपये कर दी गई है, जिससे कि किसानों के सामने बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है, तथा यदि अब सरकार 3100 रुपये धान का समर्थन मूल्य भविष्य में कर भी देगी, तो किसानों को उचित लाभ नहीं मिल पायेगा, और खाद की कीमत बढ़ जाने के बाद यह साबित होगा कि पहले एक हाथ से किसानों से सरकार ने खाद के रेट बढ़ाकर वसूली कर ली और अब वही किसानों को लौटाया जायेगा, यह बात आज 28 जून को बालाघाट के सर्किट हाऊस में प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसान गर्जना संगठन अरविंद चौधरी ने कही, तथा किसानों की परेशानियों को सामने रखकर सरकार से किसानों के लिये उचित मूल्य सुनिश्चित करने की मांग की।

### कर्ज के बोझ में दबता जा रहा किसान..

अरविंद चौधरी ने कहा कि किसान बढ़ती लागत, महंगी खाद, बीज, कीटनाशक एवं अन्य कृषि सामग्री की बढ़ती किमतों के कारण तथा अपेक्षाकृत बाजार मूल्य प्राप्त नहीं होने से आर्थिक संकट से जूझ रहा है। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, जिससे कि किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। चौधरी ने यह भी कहा कि सरकार सोसायटियों के माध्यम से टोकन सिस्टम से खाद बांट रही है। खुले बाजार से डीएपी खाद पूरी तरह गायब है और जो एनपीके मिल रहा है, उसके दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे किसान बेहद परेशान हैं।

### अब करना होगा आंदोलन..

**अरविंद चौधरी ने आगे कहा कि सरकार का किसानों के प्रति रवैया उन्हें या तो किसानी छोड़ने या फिर आत्मघाती कदम उठाने मजबूर कर रहा है। यदि सरकार ने अपनी नीतियों में सुधार नहीं किया तो हम जल्द ही पूरे जिले के किसानों को साथ लेकर एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे, और उग्र आंदोलन के दौरान कोई अप्रिय घटना होगी तो इसके लिये सरकार जिम्मेदार होगी।**

## महिलाओं के सम्मान की बात करने वाली भाजपा सरकार अब महिलाओं के नाम पर शराब बेचने की तैयारी में - जुगल शर्मा



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

म.प्र. कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव जुगल शर्मा ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि महिलाओं के लिए अलग शराब दुकानें खोलने जैसी कोई नीति लागू की जाती है, तो यह प्रदेश की माताओं, बहनों, बेटियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ होगा। सरकार को महिलाओं के लिए रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था करनी चाहिए, न कि शराब की अलग व्यवस्था। शर्मा ने कहा कि एक ओर सरकार नशामुक्त समाज की बात करती है, दूसरी ओर महिलाओं के नाम पर शराब बिक्री बढ़ाने की दिशा में कदम उठाना शर्मनाक है। इससे परिवारों सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभाव पड़ेंगे, सरकार की प्राथमिकता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की होनी चाहिए, न कि ऐसी योजनाओं की जिनसे समाज को खराब किया जाए। यदि ऐसी किसी नीति को लागू करने का प्रयास किया गया, तो कांग्रेस सड़क से सदन तक इसका लोकतांत्रिक विरोध करेगी। जुगल शर्मा ने सरकार से मांग की कि महिलाओं के लिए अलग शराब दुकान खोलने जैसी किसी भी योजना को तत्काल वापस लिया जाए। महिलाओं की सुरक्षा, रोजगार और शिक्षा पर विशेष बजट बढ़ाया जाए। प्रदेश में नशामुक्ति अभियान को प्रभावी बनाया जाए, न कि शराब बिक्री को प्रोत्साहन दिया जाए।






## 298 शक्ति केन्द्रों और 1785 बूथों में सुनी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी की मन की बात..

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का किया गया पुण्य स्मरण..

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया पं दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण



जगप्रेरणा बालाघाट।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात 135 वें एपिसोड को जिले में आमजन और भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सुना। भाजपा के संगठनात्मक 37 मंडलों, 298 शक्ति केन्द्रों और 1785 बूथों में इस बहु प्रतिक्षित कार्यक्रम का श्रवण किया गया। इसके पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने*

23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस से 6 जुलाई जयंती तक उनके स्मरण पखवाड़े के अवसर पर राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय एकता के संवाहक डां मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन किया गया। पश्चात महामना के राष्ट्र समर्पण, बलिदान और जीवन प्रसंग पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। क्रम में चल रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तारतम्य में डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में विभिन्न विषयों में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर, प्रमाण पत्र अर्जित किया। जो 6 जुलाई तक सुचारू रूप से निरंतर जारी रहेगा। जिसमें भाजपा के प्राथमिक सदस्य और जिले से बूथ समिति के सभी सदस्य अनिवार्य तौर पर संगठन के सरल संगठन एप्प पर स्वयं प्रशिक्षण लेगे।

### संगठनात्मक गतिविधि, जनसंपर्क और अधिक सशक्त : भाजपा जिलाध्यक्ष

इसी कड़ी में विधानसभा बालाघाट के नगर मंडल बालाघाट में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने बूथ क्रमांक 223 एवं 224 में मन की बात का सामूहिक श्रवण किया। साथ ही इस प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग, संगठनात्मक गतिविधियों के प्रचार-प्रसार तथा तकनीक के माध्यम से जनसंपर्क को और अधिक सशक्त बनाने की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे ने आगे कहा, प्रधानमंत्री ने संबोधन में साल के शुरुआती छह महीनों में देश द्वारा रक्षा, विमानन, खेल और पर्यावरण के क्षेत्रों में हासिल की गई बड़ी उपलब्धियों को सामने रखा। देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता जन-भागीदारी की ताकत का एक बेहतरीन उदाहरण है।

### लोकल फार लोकल को बढ़ावा : प्रवीण मेश्राम

इधर, विधानसभा परसवाडा के बूथ क्रमांक 231, कोसमी में भी गणमान्य जन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात दिल से सुनी। यहां भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण मेश्राम ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में गणेश उत्सव के दौरान मिट्टी की मूर्तियां अपनाने, लोकल फार लोकल को बढ़ावा देने और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की। स्वदेशी रक्षा उपकरणों और सी-295 विमान की उपलब्धियों की सराहना।

### मुखर्जी स्वतंत्र भारत के निर्माता : हेमेन्द्र

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने कहा, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ऐसे महान देशभक्त थे जिन्होंने राष्ट्र के चरमोत्कर्ष, एकता और अखण्डता की यज्ञवेदी पर अपना प्राणोत्सर्ग कर दिया। वह एक साथ ही शिक्षाविद्, लेखक, सासंद, राजनीतिज्ञ और मानवतावादी कट्टर देशभक्त थे। 1934 में कलकत्ता विश्विद्यालय के कुलपति नियुक्त होने वालों में वह सबसे कम आयु के थे। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्वतंत्र भारत के निर्माताओं में से थे।


### क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*











विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# अपने बच्चों की शिक्षा के लिए एक अभिभावक अपनी जान तक जोखिम में डालने से पीछे नहीं हटता - खुराना..

## 40 साल पुरानी एक घटना सुनाते-सुनाते भावुक हुए राजकुमार खुराना..

जगप्रेरणा सिवनी।

***आज जब नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लगातार लीक होने की घटनाओं से लाखों परीक्षार्थी और उनके अभिभावक चिंता और निराशा का सामना कर रहे हैं,***

तब मुझे 26 दिसंबर 1985 की एक सच्ची घटना याद आ जाती है। इस घटना ने मुझे सिखाया कि अपने बच्चों की शिक्षा के लिए एक अभिभावक अपनी जान तक जोखिम में डालने से पीछे नहीं हटता।

राजकुमार खुराना पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी, प्रभारी जबलपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने बताया कि वर्ष 1985 में सिवनी जिले के केवलारी क्षेत्र में नहर निर्माण कार्य का ठेका मेरे पास था। निर्माण कार्य के दौरान अचानक सूचना मिली कि मिट्टी की खुदाई करते समय मिट्टी धंसने से एक मजदूर उसके नीचे दब गया है और गंभीर रूप से घायल हो गया है। मैं तुरंत घटनास्थल पर पहुँचा और उसे लेकर केवलारी अस्पताल गया। वहाँ के डॉक्टर ने उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए तत्काल उसे जिला अस्पताल, सिवनी ले जाने की सलाह दी।



मैं तुरंत उसे सिवनी जिला अस्पताल लेकर पहुँचा। वहाँ किसी से परिचय न होने के कारण मरीज को भर्ती कराने के बाद स्थानीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से सहायता लेने पहुँचा। उसी समय पता चला कि कांग्रेस के वरिष्ठ साथी स्वर्गीय मूलचंद दुबे जी एवँ स्व. श्री यदुनाथ ब्यौहार जी कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए बस से बॉम्बे (वर्तमान मुंबई) रवाना होने वाले थे।

मैंने उनसे पूरी घटना बताई। उन्होंने तुरंत बस रुकवाई और मेरे साथ जिला अस्पताल पहुँचे। वहाँ उन्होंने डॉ. एस. सी. जैन और डॉ. एम. एन. त्रिवेदी से चर्चा कर घायल मजदूर के तत्काल उपचार की व्यवस्था कराई। अगले दिन ऑपरेशन के बाद जब मैं उस मजदूर से मिलने गया, तो उसने जो बात बताई, उसने मुझे भीतर तक झकझोर दिया। उसने कहा– 'साहब, मैंने इससे पहले कभी नहर में मिट्टी खोदने का काम नहीं किया था। मेरे बच्चों की स्कूल फीस जमा करनी थी, इसलिए मजबूरी में पहली बार यह काम करने आया था।'

उस समय मजदूरी भी लगभग 3.50 रू. से 4.00रू. प्रतिदिन हुआ करती थी। अनुभव न होने के कारण वह ऊपर खड़े होकर सब्बल से मिट्टी खोद रहा था। अचानक मिट्टी धंस गई और वह भी उसके साथ नीचे जा गिरा।

उसकी यह बात सुनकर मेरी आँखें नम हो गईं। मैंने उसी दिन उसके बच्चों के स्कूल जाकर उनकी फीस जमा कराई और जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो गया, तब तक उसकी हर संभव आर्थिक और मानवीय सहायता करता रहा। आज जब प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएँ ईमानदारी से पढ़ने वाले लाखों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के सपनों पर चोट करती हैं, तब उस मजदूर का चेहरा याद आ जाता है।

जिस पिता ने अपने बच्चों की फीस भरने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी, उसके जैसे लाखों माता-पिता आज भी अपने बच्चों के भविष्य के लिए दिन-रात संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में परीक्षा व्यवस्था में होने वाली अनियमितताएँ केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि उन परिवारों के त्याग, संघर्ष और विश्वास का भी अपमान हैं।

# जिला सिवनी मुख्यालय में इंदिरा भवन में जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक हुई संपन्न




जगप्रेरणा सिवनी।

***प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में जिला कांग्रेस समन्वय समिति बैठक की अध्यक्षता***

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा की गई। बैठक लखनादौन विधानसभा प्रभारी अरूण पवार ,सिवनी विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र पटैल, केवलारी विधानसभा प्रभारी गुलाबसिंह उइके एवं समन्वय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

बैठक में कांग्रेस द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर गठित की गई कमेटियों के संबंध में चर्चा की गई और पंचायत वार गठित समितियों को मजबूत बनाने के संबंध में रणनीति बनाकर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय को अवगत कराने हेतु प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के जो कांग्रेस पदाधिकारी गण लगातार कांग्रेस पार्टी के नेताओं के खिलाफसोशल मीडिया में लिखते है उनकी सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समक्ष प्रस्तुत की जावेगी, ऐसा निर्णय इस बैठक में लिया गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्थानीय जन समस्याओं के लिए माह में जिला कांग्रेस कमेटी, नगर कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, जिला भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा सामुहिक रूप से माह में दो बार प्रदेश की भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाए। जिले भर में राहुल गांधी जी द्वारा छात्रों के हित में चलाए जा रहें छात्र गूंज कार्यक्रम अनवरत संचालित किया जाए।

समन्वय समिति की बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी को सर्वसम्मति से इस बात के लिए अधिकृत किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा वरिष्ट कांग्रेस जनों को पार्टी की मुख्यधारा से जोड़े। समन्वय समिति की बैठक में जिला कांग्रेस संगठन महासचिव हनीफ खान, प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल, विनोद वासनिक, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, मो. असलम खान, मोहन सिंह चंदेल, अनिल सिंह ठाकुर, विष्णु करोसिया, सुरेन्द्र करोसिया, देवीसिंह चैहान, अतुलचंद मालू, शिव सनोडिया, यशपाल भलावी, घनश्याम सनोडिया, यतेन्द्र हीरा चैकसे, देवेन्द्र ठाकुर, आदित्य मोन्टू भूरा, राहुल उइके, मनोज राहंगडाले, तेजसिंह रघुवंशी, दिनेश सिंह ठाकुर, राजेश दुबे, आदित्य नारायणसिंह विकास बघेल, संजय बघेल, नीलकंठ बाहेश्वर, शीत तिवारी, बसोरीलाल बल्लारी, सुरेश परते, शिवदीप डेहरिया, किशोरी कुंजाम, विनोद यादव की उपस्थिति रही।

# अश्लील वीडियो पोस्ट करने वाले बरघाट एएसआई पर कार्रवाई की मांग, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन..



जगप्रेरणा सिवनी।

***व्हाट्सप ग्रुप में बरघाट थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक एस.के. राय के द्वारा अश्लील आपत्तिजनक वीडियों पोस्ट करने की शिकायत को लेकर कान्हीवाड़ा निवासी संतोष बंदेवार***

पुलिस थाना कान्हीवाड़ा पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की है। कान्हीवाड़ा निवासी संतोष बंदेवार ने शिकायत में बताया कि उनके द्वारा संचालित किये जाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्म में व्हाट्सप ग्रुप बनाया गया है जिसमें बरघाट थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक एसके राय भी शामिल है। शनिवार की सुबह 7.28 बजे सहायक उपनिरीक्षक श्री राय के मोबाइल नंबर से ग्रुप में अश्लील पोस्ट की गई है। जिस पर गुप एडमिन संतोष बंदेवार द्वारा आपत्ति दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग को लेकर कान्हीवाड़ा थाने में लिखित शिकायत दी गई है।

# एन एच 44 फोरलेन पर दो बाइक आपस में टकराई, एक गंभीर..



जगप्रेरणा छपारा।

***नगर से दो किलोमीटर दूर एन एच 44 फोरलेन सड़क के ग्राम छपारा कलां के पास 27 जून दिन शनिवार को रात्रि लगभग 7:30 बजे दो बाइक आपस में टकरा गई जिसमें एक***

बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं दूसरी बाइक सवार मौके से फरार हो गए इस सड़क दुर्घटना में ग्राम देवरी कला निवासी चिंटू यादव पिता तीरथ यादव 25 वर्ष बुरी तरह घायल हो गया

जिसे घटनास्थल पर उपस्थित जनों के द्वारा 112 एवं एन एच आई एंबुलेंस 1033 की सहायता से छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया घायल को सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं वहीं गंभीर स्थिति के चलते घायल युवक को छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर कर दिया गया किन्तु 108 में एंबुलेंस सेवा के लिए काल किया गया तो बताया कि एक घंटे तक प्रतिक्षा के बाद 108 एंबुलेंस वाहन सुविधा मिल पाएगी।

स्थिति को देखते हुए घायल युवक के ग्रामीणों एवं परिवार द्वारा उसे कमांडर वाहन से लेकर जाया गया जिसपर अति आवश्यक सेवा 108 की सुविधा उपलब्ध नहीं मिल पाने से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छपारा में उपस्थित जनों ने व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए।

# इथेनॉल मिश्रण से सिर्फ गड़करी को फायदाः कॉग्रेस

जगप्रेरणा सिवनी।

***देश में वर्तमान में (म20) पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक इथेनॉल मिलाया जा रहा है जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इसके***

मिश्रण से वाहनों को अनेक तरह से नुकसान हो रहें है, जिसकी खबरे आये दिन मिल रही है पेट्रोल में इसके मिश्रण से वाहनों का मायलेज 3 से 5 प्रतिशत तक कम हो जाता है। लम्बे समय तक उपयोग करने से पुराने वाहनों के प्यूल सिस्टम और इंजन व पार्टर्स के खराब होने का खतरा रहता है। वाहन में रबर और प्लास्टिक के पुर्जो को यह कमजोर करता है जिससे लीकेज की समस्या हो सकती है, वाहन के जानकारो ने पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण से इस तरह के नुकसान बताए है।

साथ ही एक लीटर इथेनॉल बनाने में लगभग 2800 लीटर पानी लगता है जो कि पानी की बहुत अधिक बर्बादी है केन्द्रीय परिवाहन मंत्री नितिन गड़करी का यह तर्क है कि इसके मिश्रण से वाहनों को कोई नुकसान नहीं होगा, पर्यावरण के लिए फायदेमंद है कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मद्द करता है। भारत सरकार विदेशो से पेट्रोल आयात करती है जिसका भुगतान विदेशी मुद्रा में करना होता है, रूपय की कीमत डॉलर की तुलना में कम हो गई है इथेनॉल के उपयोग से विदेशो से पेट्रोल कम मात्रा में आयात करना होगा डॉलर की तुलना में रूपया मजबूत होगा, यह भी सरकार का कहना है।

यदि परिवाहन मंत्री का तर्क सही है तो फिर पेट्रोल की कीमतों में सरकार द्वारा कमी क्यो नहीं की जा रही है ? यदि 20 प्रतिशत पेट्रोल में इथेनॉल मिलाया जा रहा है जिसके कारण विदेशी मुद्रा बच रही है तो फिर डॉलर के मुकाबले रूपय का रेट तेजी से क्यों गिर रहा है? देश के वाहन चालकों को कम कीमत पर पेट्रोल क्यो नहीं मिल रहा है। क्या इसका मिश्रण देश के लोगो को जेब काटकर सरकार में बैठे मंत्री और नेताओं का जेब भरना है, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के थोड़े से भी दाम बढ़ने पर देश में पेट्रोल महंगा कर दिया जाता है। लेकिन दाम कम होने पर देश के लोगो को उसका फायदा नही मिलता पेट्रोल-डीजल के दाम कम नहीं किये जाते। हमारे पड़ोसी देश भूटान में पेट्रोल 64 रूपय लीटर बिक रहा है जो कि भारत से ही पेट्रोल क्रय करता है। भाजपा सरकारे देश के लोगो को गुमराह कर डीजल-पेट्रोल के दाम में मनमानी वृद्धि कर भाजपा के नेताओं और अपने सहयोगियों को सीधे लाभ पंहुचाने का काम किया जा रहा है, यदि पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण से पेट्रोल के दामों में कमी होती है तो ही इसका मिश्रण किया जाए अन्यथा वाहनों को शुद्ध पेट्रोल से चलने दिया जाए।

# बरघाट पुलिस की त्वरित कार्रवाई, नाबालिग बालिका सकुशल दस्तयाब

## नागपुर से बरामद कर परिजनों को सौंपी गई किशोरी..

जगप्रेरणा सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देश पर नाबालिगों से संबंधित अपराधों में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना बरघाट पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 10.05.2026 को प्रार्थी द्वारा थाना बरघाट में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि घटना दिनांक को वह परिवार सहित शादी कार्यक्रम में गए थे।

घर पर अकेली नाबालिग पुत्री वापस आने पर घर में नहीं मिली। आसपास एवं रिश्तेदारी में तलाश करने पर भी कोई पता न चलने पर प्रार्थी ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए **SP** सिवनी द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। **SDOP** बरघाट ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनीश बैस के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा तकनीकी माध्यमों से अपहृता की लगातार तलाश-पतासाजी की गई। पतासाजी के दौरान पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई कि अपहृता आदिवासी नगर, नागपुर में रह रही है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दिनांक 27.06.2026 को पुलिस टीम द्वारा अपहृता को नागपुर से सकुशल दस्तयाब किया गया।

### पूछताछ में तथ्य..

महिला अधिकारी द्वारा अपहृता से पूछताछ एवं कथन लेख किए गए। अपहृता ने बताया कि वह करीब एक माह पूर्व स्वयं की मर्जी से बिना बताए घर से नागपुर मजदूरी करने चली गई थी एवं वहां मजदूरी करने वाली महिलाओं के साथ रह रही थी। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई उपरांत अपहृता को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### सराहनीय भूमिका..

उक्त सफल कार्रवाई मे **SDOP** ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनीश बैस, उपनिरीक्षक फुंदूलाल उइके, उपनिरीक्षक रजनी नागभिरे, आर. अनिल मर्सकले एवं महिला आरक्षक मालती डहेरिया का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।

### सिवनी पुलिस का संदेश..

'बच्चों की सुरक्षा में कोई लापरवाही न बरतें। बच्चे घर से बिना बताए कहीं न जाएं, इसके लिए निरंतर संवाद रखें। किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 या नजदीकी थाने को सूचित करें।'

# छपारा पहुंचे युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत..



जगप्रेरणा छपारा।

***युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घंगोरिया का छपारा में अल्प समय के लिए आगमन हुआ। वे युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव अंकित गोलू ठाकुर के***

कार्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के छपारा पहुंचने की जानकारी मिलते ही ठाकुर रजनीश सिंह भी उनसे मिलने पहुंचे। दोनों नेताओं ने संगठन और प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

मीडिया से बातचीत में यश घंगोरिया ने बताया कि वे बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के विरोध में होने वाले प्रदर्शन में भी वे भाग लेंगे। इस दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों, उज्जैन भूमि मामले और राम मंदिर चंदा मामले पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष बालाघाट के लिए रवाना हो गए।

### इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ता..

केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुलाब साहू, ठाकुर जयकेश सिंह, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शिवम बैन, साजिद खान, शिवराम उइके, नागनदेवरी अल्का मरकाम, सुनील उइके, बखानी सुंदरम बैन, अभिषेक, करण, साहिब अंसारी, पवन, सुग्रीव, सत्यम, अंशुल, पवन, फैज, उनेश, निहाल, संदीप और रुपेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# विशेष अभियान से सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में आई तेजी, जिले में 82.46 प्रतिशत प्रकरणों का हुआ निराकरण..

जगप्रेरणा सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में जिले में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी तहसीलों में पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक (आरआई) के संयुक्त दल गठित कर प्रकरणों का त्वरित निराकरण कराया जा रहा है, जिसकी नियमित मॉनिटरिंग अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) द्वारा की जा रही है। अभियान के दौरान गत वर्ष के 1,435 लंबित प्रकरणों तथा चालू वर्ष में दर्ज 7,780 प्रकरणों सहित कुल 9,217 सीमांकन प्रकरण निराकरण के लिए उपलब्ध थे। इनमें से विशेष अभियान के माध्यम से 5,708 प्रकरणों का निराकरण किया गया। पूर्व में निराकृत प्रकरणों सहित अब तक जिले में कुल 7,600 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है, जो कुल प्रकरणों का 82.46 प्रतिशत है।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि शेष लंबित प्रकरणों का भी विशेष अभियान चलाकर 30 जून तक शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता, विलंब या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को प्रभावी पर्यवेक्षण करते हुए अभियान की सतत समीक्षा कर समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया के प्रति चलाया गया जागरूकता अभियान..

जगप्रेरणा कुरई।

जनजातीय विकासखण्ड कुरई के ग्राम साल्हे-2 एवं टेक्नी-1 में सिकल सेल एनीमिया के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर यदुराज उइके, शिक्षक, ईएफए नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिवनी तथा श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनवाने, शिक्षक, **PS School** भोड़की द्वारा ग्रामीणों एवं जनजातीय समुदाय के लोगों से संवाद कर सिकल सेल एनीमिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि सिकल सेल एनीमिया एक आनुवंशिक (वंशानुगत) रक्त विकार है, जिसकी समय पर पहचान एवं जांच अत्यंत आवश्यक है। उपस्थित लोगों को इसके लक्षण, जांच की प्रक्रिया, बचाव के उपाय तथा विवाह पूर्व एवं परिवार नियोजन के संदर्भ में सिकल सेल जांच के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को शासन द्वारा संचालित निःशुल्क जांच एवं उपचार सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वास्थ्य संबंधी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समुदाय में सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच के लिए प्रेरित करना तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में जनसहभागिता सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर ग्रामीणजन, स्थानीय नागरिक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### एक पेड बुजुर्गो के नाम अभियान के तहत

# मुस्लिम समाज द्वारा ईदगाह एवं कब्रिस्तान मे किया गया पौधोंरोपण





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***मध्यप्रदेष वक्फबोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल के निद्रेषानुसार जारी प्रदेशव्यापी वृक्षारोपणएक पौधा अपने बुजुर्गो के नाम के तहत आज स्थानीय ईदगाह एवं कब्रिस्तान मे जामा मस्जिद कमेटी के तत्वाधान मे मुस्लिम समाज ने वृहद वृक्षारोपण किया।***

इस दौरान सदर इकबाल खान, हाफिज नजीर कादरी, मौज्जन इकरार रजा, हाजी अब्दुल रहमान, हाजी एजाज कुरैशी, मोहम्मद ताहिर हुसैन, नसीम खान, हाजी फरहान, तौसीफ कुरैशी, अरमान खान, जाहिद हुसैन एडवोकेट, साजिद अंसारी, आबिद खान, मतीन मंसूरी, माजिद खान, जाहिद हुसैन मास्टर साहब, शमी कुरैशी, शेरा भाई, राजा भाई सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के गणमान्य बुजुर्ग और ऊर्जावान नौजवान उपस्थित रहे।

जानकारी अनुसार मध्यप्रदेष वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल के आव्हान पर पूरे प्रदेष मे एक पेड बुजुर्गो के नाम पर वृक्षारोपरण जारी है इसी कडी में आज जामा मस्जिद कमेटी द्वारा सदर इकबाल खान की अगुआई में समस्त मुस्लिम समाज ने स्थानीय ईदगाह एवं कब्रिस्तान मे अनेक प्रजातियों के लगभग 100 फलदार और छायादार पौधे जैसे जामुन और आम एवं अन्य प्रजाति के पौधा का रोपण किया गया । साथ ही उपस्थित जनों ने अपने अपने बुजुर्गो के नाम पर पौधा रोपण किया ही नही अपीतु उसकी देख रेख और पालन पोषण करने का जिम्मा भी उठाया । उपस्थितों ने कहा कि आज पूरी दुनिया कार्बन डाइऑक्साइड के बढ़ते उत्सर्जन और पर्यावरण असंतुलन से जूझ रही है। ऐसे समय में हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए वृक्षारोपण ही एक मात्र मजबूत विकल्प है। इसी पावन उद्देश्य को लेकर मप्र वक्फबोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल की पहल पर पूरे प्रदेश की तरह वारासिवनी में भी एक पौधा बुजुर्गो के नाम अभियान के तहत आज यह वृक्षारोपण किया और मुस्लिम समाज के बड़े-बुजुर्गों और नौजवानों ने मिलकर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया ।

### पौधों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी - इकबाल खान'

जामा मस्जिद कमेटी सदर इकबाल खान ने बताया कि मध्यप्रदेष वक्फबोर्ड अध्यक्ष जनाब डॉ. सनवर पटेल के निर्देशानुसार पूरे प्रदेष में एक पेड बुजुर्गो के नाम पर वृक्षारोपण किया जा रहा है इसी कडी में आज हमारे शहर में भी यह हरियाली महोत्सव आयोजित किया गया है वक्फ बोर्ड के इन अभियानों के माध्यम से हमारे शहर में हरियाली फैलेगी और हम अपने पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकेंगे उन्होंने इस दौरान समाज के लोगों की भारी तादाद में हुई शिरकत पर खुशी जाहिर की और सभी से अपने बुजुर्गों की स्मृति में लगाए गए इन पौधों की हिफाजत करने की अपील की ।

### पेड़ पौधे ही हमारी सबसे बड़ी ढाल हैं - समी कुरैषी

ख्वाजा गरीब नवाज मस्जिद कमेटी सदर शमी टेलर ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा आज के इस आधुनिक औद्योगिकी के इस दौर में जहाँ प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है पेड़ पौधे ही हमारी सबसे बड़ी ढाल हैं। हमारा यह फर्ज बनता है कि हम अपने बुजुर्गों की याद में न केवल पौधे लगाएं, बल्कि उनकी हिफाजत की पूरी जिम्मेदारी भी उठाएं। उन्होंने विशेष रूप से समाज के युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा आगे आएं और इस हरियाली महोत्सव को सफल बनाने के लिए हर घर, हर मोहल्ले में पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### पेड़ हमारे संरक्षक इनका संरक्षण बेहद जरूरी - जाहिद हुसैन'

एडवोकेट जाहिद हुसैन' ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते देश और पर्यावरण की रक्षा करना हमारा मुख्य कर्तव्य है पेड़ पर्यावरण के रक्षक हैं जो कार्बन सोखकर हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते है इस्लाम में भी पेड़ लगाने का बड़ा महत्व है, हमारे मजहब में दरख्त लगाने को नेकी का काम माना गया है उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल पौधा लगाना हमारा मकसद नहीं होना चाहिए, बल्कि हर व्यक्ति को अपने द्वारा लगाए गए पौधे की साप्ताहिक निगरानी और मैपिंग करनी होगी, ताकि वह सुरक्षित रूप से बड़ा पेड़ बन सके

# वारासिवनी में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने बच्चो को पोलियो की दो बूंद पिलाकर की राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूवात..







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत आज सिविल अस्पताल वारासिवनी में प्रदीप जायसवाल पूर्व कैबिनेट मंत्री द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया।***

प्रात समय सिविल अस्पताल वारासिवनी मे पल्स पोलियो अभियान 2026 की प्रदीप जायसवाल ने शुरूवात कर 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चो को पोलियो की दो बूंद सभी माता पिता को पिलाने की अपील की।

इस अवसर पर प्रदीप जायसवाल ने कहा की 0 से 5 साल के प्रत्येक बच्चो को ओरल पोलियो वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक देना बेहद जरूरी है। ताकि उनके शरीर मे इस बीमारी के खिलाफमजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसीत हो सके।

हमारा भारत 2014 से पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है। लेकिन पडोसी देशो से संक्रमण के खतरे को टालने और इस स्थिती को बनाये रखने के लिये टीकाकरण बहुत जरूरी है। इस अवसर पर ब्लाक मेडिकल आफिसर डा सत्यम शर्मा व सभी चिकित्सकगण भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विकासखंड वारासिवनी में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 15,784 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लक्ष्य की जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों ने अभिभावकों से अपने सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने तथा अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यम शर्मा ने बताया कि पोलियो जैसी गंभीर एवं विकलांगता उत्पन्न करने वाली बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दिनांक 29 एवं 30 जून 2026 को स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के दौरान विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन की सफलता जनसहभागिता पर निर्भर करती है और इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग का संदेश है। एक भी बच्चा छूटा, तो सुरक्षा चक्र टूटा। इसलिए प्रत्येक अभिभावक अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं।

शुभारंभ कार्यक्रम में डॉ. सत्यम शर्मा (खण्ड चिकित्सा अधिकारी), श्रीमती उर्मिला बघेले (बीईई),प्रकाश डोंगरे (ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर), श्रीमती खिमोती जघेले (एएचवी) एवं श्रीमती गीता बिसेन (एएनएम) सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे पोलियो अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

### जिले में 28 जून तक 46 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

# वारासिवनी में सबसे अधिक 115 मिलीमीटर और खैरलांजी में सबसे कम 07 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 28 जून 2026 तक कुल 46 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 101 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है।***

जिले में 01 से 28 जून तक 199 मिलीमीटर वर्षा हो जाना चाहिए और जून माह में 212 मिलीमीटर वर्षा होना चाहिए। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 02 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 00 मिलीमीटर, वारासिवनी में 00 मिलीमीटर, बैहर में 00 मिलीमीटर, लांजी में 08 मिलीमीटर, कटंगी में 02 मिलीमीटर, किरनापुर में 00 मिलीमीटर, खैरलांजी में 01 मिलीमीटर, लालबर्रा में 00 मिलीमीटर, बिरसा में 07 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 00 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 07 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

चालू वर्ष में 01 जून से 28 जून 2026 तक सबसे अधिक 115 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 07 मिलीमीटर वर्षा खैरलांजी तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 56 मिलीमीटर, बैहर में 54 मिलीमीटर, लांजी में 20 मिलीमीटर, कटंगी में 18 मिलीमीटर, किरनापुर में 40 मिलीमीटर, लालबर्रा में 44 मिलीमीटर, बिरसा में 17 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 59 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 78 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 193 मिलीमीटर, वारासिवनी में 136 मिलीमीटर, बैहर में 166 मिलीमीटर, लांजी में 46 मिलीमीटर, कटंगी में 31 मिलीमीटर, किरनापुर में 129 मिलीमीटर, खैरलांजी में 22 मिलीमीटर, लालबर्रा में 98 मिलीमीटर, बिरसा में 155 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 86 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 48 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

# भाजपा महिला मोर्चा वारासिवनी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना राहांगडाले का किया भव्य सम्मान..

### जिलाध्यक्ष ने आते ही डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म का प्रशिक्षण देकर महिलाओ को संगठन एप के कार्य मे कर दिया व्यस्त..







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***भाजपा कार्यालय वारासिवनी मे आज भाजपा महिला मोर्चा ने पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, जिला मंत्री श्रीमती रेखा गोखले आदि के नेत्रत्व मे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना राहंगडाले के प्रथम आगमन पर भव्य रूप से स्वागत किया।***

इस दौरान पर पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल ने प्रतिक्रिया मे कहा की हमे श्रीमती मीना रांहगडाले के रूप मे एक महत्तवपूर्ण नेत्रत्व मिला है। जो क्षेत्र मे महिला सशक्तिकरण को बढावा देने और संगठन की विचारधारा को जन जन तक पहुचाने का अवसर भी प्रदान करता है।

नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने कहा की हमे पूर्ण विश्वास है की आपके नेत्रत्व, समर्पण और कार्यकुशलता मे भाजपा महिला मोर्चा और अधिक सशक्त होकर आपके मार्गदर्शन मे पार्टी को नयी उचाईया प्रदान करेगा। दुसरी ओर सम्मान के पश्चात सभी का आभार व्यक्त करते हुये जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना राहंगडाले ने सभी महिलाओ को सीधे पार्टी कार्यो से जोडते हुये सबसे पहले डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म का प्रशिक्षण देकर सभी को संगठन एप से जुडने के लिये प्रेरित किया। और देखते देखते सभी महिलाये ओटीपी और संगठन एप के सवालो का जवाब भी देते नजर आयी।

कार्यक्रम मे जिला मुख्यालय से पधारी श्रीमती गरीमा गौतम, श्रीमती पूनम खोब्रागडे का भी महिला मोर्चा ने सम्मान किया। कार्यक्रम मे जिला मुख्यालय से डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये संयोजको मे श्रीमती तुलसी शर्मा, श्रीमती विजेता सोनेकर, श्रीमती कोमल व्यास के नाम की घोषणा की गयी। कार्यक्रम मे विशेष रूप से श्रीमती सीमा पारधी, श्रीमती रीना कासल, श्रीमती रितू खरे पार्षद,श्रीमती पूनम झा, श्रीमती दीपा रूसिया पार्षद, श्रीमती ललिता ठाकरे पार्षद, श्रीति पालेवार,दीपलता देशमुख, विमल मिंचुले,रीता मिश्रा,सीमा मिश्रा, स्मिता आजाद, मीरा आचार्या, मिनाक्षी ठाकरे,शीतल अरोरा, मंजू भोंडले, रामकली टेकाम, मोनिका सोनेकर, पूनम गिडवानी, शिखा विश्वकर्मा आदि महिलाये सक्रिय भी नजर आयी।

# बालाघाट की युवा कवयित्री माही शुक्ला को इंदौर में 'काव्य दीप सम्मान' से किया जाएगा सम्मानित..



जगप्रेरणा रामपायली।

***मातृभाषा उन्नयन संस्थान ने बालाघाट की उभरती हुई युवा साहित्यकार माही शुक्ला को प्रतिष्ठित 'काव्य दीप सम्मान' से सम्मानित करने की घोषणा की है। यह सम्मान उन्हें 1 जुलाई 2026 को इंदौर के प्रीतमलाल दुआसा सभागार में आयोजित 'काव्य कूँअर 2026' कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।***

संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' द्वारा जारी पत्र के अनुसार, यह आयोजन कवि सम्मेलन शताब्दी वर्ष और डॉ. कूँअर बेचैन की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे शुरू होगा, जिसमें माही शुक्ला को हिंदी भाषा के प्रचार और काव्य क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि बालाघाट जिले के खैरलांजी की निवासी माही शुक्ला ने महज 16 वर्ष की आयु में अपनी पहली पुस्तक लिखी थी और अब तक उनकी दो किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। वह जिले की सबसे कम उम्र की साहित्यकार हैं। बचपन से ही कविताओं में रुचि रखने वाली माही ने अपने पिता के साथ कवि सम्मेलनों को सुनकर साहित्यिक यात्रा शुरू की थी। मातृभाषा उन्नयन संस्थान वर्ष 2018 से इंदौर में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। संस्थान द्वारा संचालित 'हस्ताक्षर बदलो अभियान' से 30 लाख से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। वर्ष 2020 में संस्थान को विश्व कीर्तिमान से भी सम्मानित किया जा चुका है। संस्थान ने सभी हिंदी प्रेमियों से इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

# अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कारवाई, दो ट्रैक्टर जब्त..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से खनिज विभाग द्वारा रविवार को तहसील तिरोड़ी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई।***

कार्रवाई के दौरान ग्राम बोनकट्टा के समीप अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज विभाग की टीम ने ट्रैक्टर क्रमांक रूक्क50्-3244, जिसे चालक सुरेश राऊत चला रहा था, तथा ट्रैक्टर क्रमांक रूक्क22्क्क-4996, जिसे चालक अभय उइके चला रहा था, को अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाया। दोनों वाहनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस थाना कटंगी की अभिरक्षा में रखा गया है।

वाहन चालकों ने पूछताछ में बताया कि रेत ग्राम बम्हनी से भरकर विक्रय के उद्देश्य से लाई जा रही थी। मामले में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सऊदी अरब में क्रैश हुआ हेलिकॉप्टर, 14 लोगों की मौत; हादसे की जांच जारी..

डेस्क जगप्रेरणा।

*सऊदी अरब के रास तनुरा में रविवार को सऊदी अरामको का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर किन हालात में दुर्घटनाग्रस्त हुआ,*



यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। अधिकारियों ने अभी तक पीड़ितों या घटना के बारे में कोई जानकारी जारी नहीं दी है। यह हेलिकॉप्टर सऊदी अरब की बड़ी ऊर्जा कंपनी सऊदी अरामको का था। सऊदी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी 14 पीड़ित सऊदी के नागरिक थे। अधिकारियों ने अभी तक उड़ान या विमान के क्रैश होने की वजह के बारे में और जानकारी नहीं दी है।

## हादसे की जांच शुरू..

यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है कि दुर्घटना किस वजह से हुई। अधिकारियों का कहना है कि अभी सही वजह बताना जल्दबाजी होगी और जांच आगे बढ़ने पर और जानकारी मिलने की उम्मीद है। सऊदी ऊर्जा मंत्रालय ने जान-माल के नुकसान पर दुख जताया और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने पीड़ितों की आत्मा की शांति और उनकी गलतियों की माफी के लिए प्रार्थना की और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। SPA द्वारा जारी बयान में मंत्रालय ने कहा, 'ऊर्जा मंत्रालय मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करता है। हम प्रार्थना करते हैं कि सर्वशक्तिमान ईश्वर उन पर दया करे, उन्हें क्षमा करे और उन्हें शहीदों में शामिल करे।

वास्तव में, हम ईश्वर के हैं और अंततः उसी की ओर लौटेंगे।' यह दुर्घटना रास तनुरा में हुई, जो पश्चिम एशियाई क्षेत्र की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी और सऊदी अरामको के सबसे महत्वपूर्ण ऑपरेशनल सेंटरों में से एक है। यह शहर दुनिया के सबसे बड़े कच्चे तेल के निर्यात टर्मिनलों में से एक के लिए भी जाना जाता है।

## अरामको का एविएशन ऑपरेशन..

सऊदी अरामको 1934 से अपने ऑपरेशन के लिए विमानों का इस्तेमाल कर रही है, जब उसने एक ही विमान से एरियल मैपिंग शुरू की थी। 2023 में इसके एविएशन डिवीजन को एक अलग सब्सिडियरी बना दिया गया और बाद में इसका नाम बदलकर 'अलौला एविएशन' कर दिया गया। आज, कंपनी 60 से ज़्यादा विमानों का बेड़ा चलाती है, जो पूरे सऊदी अरब में ऑफशोर ऑपरेशन, मेडिकल इवैक्यूएशन और लॉजिस्टिक्स सेवाओं में मदद करते हैं।

# पाकिस्तान के कराची में आतंकवादियों के हमले में छह लोगों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*भारी हथियारों से लैस प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों द्वारा कराची में सिंध रेंजर्स के एक परिसर पर किए गए हमले में कम से कम तीन आतंकवादी और अर्धसैनिक बल के तीन जवान मारे गए।*



सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, अक्टूबर 2024 के बाद बंदरगाह शहर कराची में यह पहला बड़ा आतंकवादी हमला था। यह हमला तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से अलग हुए संगठन जमात-उल-अहरर के आतंकवादियों ने पाकिस्तान रेंजर्स (सिंध) के शिविर पर किया। शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे आतंकवादियों ने विस्फोटकों से भरे एक वाहन को सिंध रेंजर्स के भिट्टाई विंग के मुख्य द्वार से टकरा दिया। इसके बाद वे परिसर में घुस गए और हथगोले फेंके, जिससे कई विस्फोट हुए।

एक स्थानीय निवासी ने बताया कि अधिकारियों ने लोगों को घरों के अंदर रहने की सलाह दी और आसपास के कुछ रिहायशी इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। सेना ने बताया कि हमले में कम से कम तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि एक अन्य आतंकवादी, जिसके अफ़गान नागरिक होने का संदेह है, को जिंदा पकड़ लिया गया। हालांकि, सेना ने उसके बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। आईएसपीआर ने कहा, 'मुख्य द्वार पर विस्फोट करने के बाद हमलावरों ने परिसर की सुरक्षा घेराबंदी को भेदने की कोशिश की।'

हालांकि, रेंजर्स के जवानों ने उनके प्रयास को विफल कर दिया। कार्रवाई में तीन आतंकवादी मार गिराए गए, जबकि एक घायल आतंकवादी, जो अफगान नागरिक है, को पकड़ लिया गया।

इस बीच, शनिवार को कराची दौरे पर पहुंचे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत पर 'प्रॉक्सी तत्वों' के जरिए पाकिस्तान में शांति और स्थिरता को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। हालांकि, उन्होंने अपने आरोपों के समर्थन में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया। आईएसपीआर ने पुष्टि की कि आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में अर्धसैनिक बल के तीन जवान भी मारे गए। आईएसपीआर के अनुसार, इलाके में अन्य आतंकवादियों की मौजूदगी की आशंका को देखते हुए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

सुरक्षा से जुड़े एक भरोसेमंद सूत्र ने बताया कि विशेष सुरक्षा इकाई (एसएसयू) के कमांडो और आतंकवाद रोधी बल ने हमलावरों को मार गिराने और एक घायल हमलावर को पकड़ने में रेंजर्स की मदद की। हमले के तुरंत बाद अधिकारियों ने पूरे परिसर को घेर लिया और आसपास की सभी संपर्क सड़कों को बंद कर दिया। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का धड़ा जमात-उल-अहरार हाल के वर्षों में मुख्य रूप से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सक्रिय रहा है, जहां उसने आम नागरिकों, सुरक्षाकर्मियों और सरकारी अधिकारियों को निशाना बनाया है। अक्टूबर 2024 के बाद से कराची में यह पहला बड़ा आतंकी हमला है। इससे पहले कराची हवाई अड्डे के निकट हुए आत्मघाती विस्फोट में दो चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। इस घटना की जिम्मेदारी प्रतिबंधित संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली थी। फरवरी 2023 में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने कराची के शाहराह-ए-फैसल स्थित पुलिस मुख्यालय पर बड़ा आतंकवादी हमला किया था, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी और कई अन्य हताहत हुए थे।

पिछले वर्ष के अंत से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस्लामाबाद लगातार आरोप लगाता रहा है कि काबुल की तालिबान सरकार टीटीपी को सुरक्षित पनाह दे रही है और वह पाकिस्तान में सीमा पार से हमले करवा रही है। पाकिस्तान की सेना ने भी कई बार दावा किया है कि उसने अफ़ग़ानिस्तान में टीटीपी के ठिकानों और प्रशिक्षण केंद्रों को निशाना बनाते हुए अभियान चलाए हैं।

# छत्तीसगढ़ में मॉर्निंग वॉक पर निकले 3 दोस्तों की मौत, तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर..

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

डेस्क जगप्रेरणा।

*छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां रविवार सुबह वॉक पर निकले 3 दोस्तों को एक तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया, जिससे तीनों की मौत हो गई।*




तीनों दोस्त बुजुर्ग थे और उनकी उम्र क्रमशः 62 साल, 52 साल और 70 साल थी।

## क्या है पूरा मामला?

दुर्घटना बालोद थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोंगरी-कोरबी गांव से गुजरने वाली भारतमाला सड़क पर हुई। एक अज्ञात वाहन ने डोंगरी-कोरबी गांव के निवासी दलहरण दास वैष्णव (62), केदार बरेट (52) और संतु यादव (70) को जोर की टक्कर मार दी, जिसमें तीनों की मौत हो गई। तीनों लोग रोज सुबह सैर पर जाते थे लेकिन आज की सैर ने उनकी जान ले ली। मिली जानकारी के मुताबिक, दलहरण दास वैष्णव सहकारी समिति के सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक थे। वहीं बाकी के दोनों दोस्त किसान थे। तीनों की दोस्ती जबरदस्त थी और जब उनके निधन की खबर सामने आई तो आस-पास के इलाके में हड़कंप मच गया।

पुलिस के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों दोस्त अलग-अलग जगहों पर जाकर गिरे। पुलिस वाहन और उसके स्वामी की तलाश में जुट गई है और आसपास के सीसीटीवी की जांच की जा रही है। इस हादसे में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने से हो रहीं दुर्घटनाएं..

गौरतलब है कि देश में तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने से दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जान जा रही है। इसके बावजूद वाहन चालक सुधर नहीं रहे और ओवरस्पीडिंग कर रहे हैं। कई बार वाहन चालक शेखी बघारने के चक्कर में यातायात के नियमों को तोड़ते हैं, जिसका खामियाजा अन्य यात्रियों को उठाना पड़ता है। ऐसी घटनाओं में लोग या तो घायल होते हैं या उनकी जान चली जाती है।

तमाम मौकों पर ऐसा पाया गया है कि अगर वाहन चालक सावधानी बरते और नियमों का पालन करे तो रोड एक्सीडेंट की घटनाओं में कमी हो सकती है लेकिन ये पुलिस के लिए भी बड़ी चुनौती है कि लोग रोड पर नियमों का पालन करें। बार-बार समझाए जाने के बाद भी लोग नियमों को तोड़ने में अपनी शान समझते हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित करके कार्रवाई करनी चाहिए।

# बैरा स्यूल नदी में गिरी अल्टो कार, 4 लोगों की दर्दनाक मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

*हिमाचल प्रदेश के चंबा में एक कार गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। दर्दनाक सड़क हादसा चुराह उपमंडल में हुआ।*



नकरोड़ हिमगिरि मार्ग पर डैम साइड के नजदीक देर रात एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर बैरा स्यूल नदी में गिर गई। इस हादसे में वाहन सवार 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी सुबह लगी। सूचना मिलते ही तीसा पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत

एवं बचाव कार्य शुरू किए गए। तीसा थाना प्रभारी और अग्निशमन की टीम मौके पहुंची। हादसे का शिकार हुए लोगों को रेस्क्यू किया गया। चारों लोग चुराह उपमंडल की ग्राम पंचायत टिकरीगढ़ के बताए जा रहे है। मृतकों की पहचान और वाहन किसका है, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

## 300 फीट गहरी खाई में गिरी कार..

उरेई-सांमरा मार्ग पर सारनी पुल के पास मारुति ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गई। यह कार 300 फीट (लगभग 100 मीटर) गहरी खाई/घटोर नाले में गिर गई।

इस हादसे में तीन महिलाएं समेत चार लोग मारे गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ड्राइवर ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया था। इस वजह से हादसा हुआ। पुलिस घटना की जांच कर रही है। पहाड़ी रास्तों पर ऐसे हादसे अक्सर होते हैं। कुछ दिन पहले ही एक बोलेरो कार गहरी खाई में गिर गई थी। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी।

## विधायक भी मौके पर पहुंचे..

हादसे की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक डॉ. हंसराज भी घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। विधायक ने प्रशासन को राहत कार्य में तेजी लाने और प्रभावितों की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए। चंबा के एसपी विजय कुमार सकलानी ने बताया कि हादसा नकरोड़-हिमगिरि मार्ग पर हुआ। चार लोगों की मौत हुई है। पुलिस

और अग्निशमन विभाग की टीमों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच जारी है।

# पिता ने शराब पीने पर डांटा, बेटे ने कुल्हाड़ी से मारकर की हत्या; ग्रामीणों ने बांधकर पुलिस को सौंपा..



डेस्क जगप्रेरणा।

*झारखंड के बोकारो जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक एक शख्स ने शराब के नशे में अपने पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी देर रात नशे की हालत में घर लौटा था।*

इस पर उसके पिता ने उसे डांटा, जिसके बाद आरोपी गुस्से में आ गया। पिता की डांट से नाराज आरोपी ने कुल्हाड़ी से हमला करके उनकी हत्या कर दी। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस की सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## शराब के नशे में आया था घर..

पुलिस ने बताया कि बोकारो जिले में एक व्यक्ति ने नशे में घर लौटने पर डांटने के बाद अपने पिता की कुल्हाड़ी से हमला करके हत्या कर दी। यह घटना शुक्रवार रात जागेश्वर विहार थाना क्षेत्र की तिलैया पंचायत के अंतर्गत आने वाले कारीपानी गांव में हुई। जागेश्वर विहार थाने के प्रभारी प्रकाश यादव ने बताया कि आरोपी अर्जुन करमाली (30) अपने मामा के घर एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर से घर लौटा था। थाना प्रभारी प्रकाश यादव ने कहा, 'उसके पिता, जैलाल करमाली ने शराब पीने और नशे की हालत में घर लौटने पर उसे डांटा। इसके बाद बहस हुई और अर्जुन ने कुल्हाड़ी उठाकर अपने पिता पर वार किया, जिससे उनकी मौत हो गई। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि अर्जुन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।'

## पिता ने डांटा तो कर दी हत्या..

पुलिस ने बताया कि जैलाल करमाली ने अपने बेटे की शराब पीने की आदत पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि इससे परिवार में अक्सर अशांति रहती है और शराब के नशे में मारपीट करने के कारण उसकी पत्नी मायके चली गई थी। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'पिता की बातें सुनकर अर्जुन को गुस्सा आ गया। इसके बाद बहस हुई और गुस्से में आकर उसने घर में रखी कुल्हाड़ी उठाई और पिता के सिर पर वार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।'

## ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले किया..

जानकारी के मुताबिक घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना देने से पहले उसे घर के अंदर ही बांधकर रखा। पुलिस मौके पर पहुंची और फिर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने से पहले कानूनी प्रक्रिया पूरी की। अधिकारी ने कहा, 'हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी बरामद कर जब्त कर ली गई है। हम मामले की जांच कर रहे हैं और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आरोपी से पूछताछ कर रहे हैं।'

# टिहरी में ट्रक की चपेट में आने से एक शिशु की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*उत्तराखंड के नयी टिहरी में मुल्यागांव के समीप ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को एक ट्रक की चपेट में आने से माता-पिता के साथ मोटरसाइकिल से जा रही डेढ़ साल की एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।*



पुलिस के मुताबिक, हरियाणा के पानीपत से श्रीनगर गेहूं ले जा रहा एक ट्रक मुल्यागांव के पास एक ढलान पर चढ़ रहा था, तभी गियर काम न करने की वजह से वह पीछे की ओर लुढ़कने लगा। पुलिस के अनुसार ट्रक को पीछे खिसकता देख, ठीक उसके पीछे चल रहे दूसरे ट्रक के ड्राइवर ने भी अपना ट्रक पीछे करना शुरू कर दिया।

पुलिस का कहना है कि अंकित अपनी पत्नी और बेटी नौनी के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहे थे, तभी उन्होंने अपनी तरफ आते हुए ट्रक को देखा। पुलिस के मुताबिक इससे पहले कि अंकित मोटरसाइकिल को सुरक्षित जगह ले जा पाते, ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि बच्ची गाड़ी के अगले पहिये के नीचे आ गई

और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार इस हादसे में अंकित एवं उनकी पत्नी मामूली रूप से जख्मी हुए। पुलिस का कहना है कि गेंहू से लदा ट्रक सड़क पर पलट गया और यातायात जाम हो गया। चौकी प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया तथा ट्रक को हटाने एवं यातायात को सामान्य करने की कोशिशें जारी हैं।

# छत्तीसगढ़ में दीवार ढहने से दो बहनों की मौत, महिला घायल..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में रविवार को घर की दीवार गिरने से आठ और 10 साल उम्र की दो बहनों की मौत हो गई तथा 30 साल की एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।*



पुलिस ने यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बेमेतरा थाना क्षेत्र के रौरपुर गांव में सुबह के समय हुई। उन्होंने कहा कि जान गंवाने वालों की पहचान वंशिका कोसले (10) और उसकी छोटी बहन राधिका (8) के तौर पर हुई है। अधिकारी ने बताया कि दोनों बहनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। ग्रामीणों ने खंडेलवाल को मलबे से बाहर निकाला और उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। बाद में उन्हें रायपुर के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।












# मेस्सी का एक और विश्व रिकॉर्ड, अर्जेंटीना ने क्लीन स्वीप किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*लियोनेल मेस्सी ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया जबकि जियोवानी लो सेल्सो मौजूदा विश्व कप में इस स्टार स्ट्राइकर के अलावा गोल करने वाले अर्जेंटीना के पहले खिलाड़ी बने जिससे मौजूदा चैंपियन ने जॉर्डन को 3-1 से हराकर ग्रुप चरण में तीनों मैच जीतकर क्लीन स्वीप किया।*



विश्व कप में अपने पहले मैच में खेल रहे लो सेल्सो ने 19वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई। मेस्सी ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में दूसरे हाफ में मैदान पर उतरने के बाद एक गोल दागा। इस तरह से मेस्सी लगातार सात विश्व कप मैचों में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने अपना 19वां गोल करके विश्व कप में सर्वाधिक गोल के अपने रिकार्ड को भी आगे बढ़ाया।

मेस्सी ने 80वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के ठीक बाहर फाउल होने के बाद फ्री किक पर गोल किया। इस टूर्नामेंट में छह गोल के साथ शीर्ष पर चल रहे मेस्सी अर्जेंटीना के उन नौ खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें शुरुआती लाइनअप में नहीं रखा गया था क्योंकि उसकी टीम ग्रुप जे में पहले ही पहला स्थान सुनिश्चित कर चुकी थी। मेस्सी ने अपने 39वें जन्मदिन के तीन दिन बाद 60वें मिनट में मैदान पर प्रवेश किया और फिर गोल करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। उन्होंने सोमवार को इसी स्टेडियम में विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ा था। मेस्सी ने अल्जीरिया और ऑस्ट्रिया के खिलाफ जीत में अर्जेंटीना के सभी पांच गोल किए थे, जिसमें विश्व कप में उनकी पहली हैट्रिक शामिल थी। इसके बाद उन्होंने सोमवार को दो गोल करके विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने लगातार सात विश्व कप मैचों में गोल किए हैं। इससे पहले 39 वर्षीय मेस्सी फ्रांस के स्ट्राइकर जस्ट फॉन्टेन और ब्राजील के महान खिलाड़ी जैरज़िन्हो के साथ विश्व कप के लगातार छह मैचों में गोल करने वाले केवल तीन खिलाड़ियों में से एक थे।

पहले हाफ में लोटारो मार्टिनेज ने 31वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके अर्जेंटीना को 2-0 की बढ़त दिला दी। जॉर्डन की तरफ से एकमात्र गोल मूसा अल्तमारी ने 55वें मिनट में किया। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा, 'मैं सभी खिलाड़ियों को मौका देना चाहता था। हमने पहले से ही इसकी योजना बनाई थी। हमारे सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करके यह साबित किया कि हम उन पर भरोसा कर सकते हैं।' अर्जेंटीना ने अपने पिछले नौ विश्व कप मैचों में सात जीत और दो ड्रॉ हासिल किए हैं। वह शुक्रवार को वह राउंड ऑ 32 में केप वर्दे के खिलाफ खेलेगा, जो नॉकआउट राउंड में जगह बनाने वाला सबसे छोटा देश है। यह मैच मियामी में खेला जाएगा, जो मेस्सी की मेजर लीग सॉकर टीम का घरेलू मैदान है।

यह पांचवां अवसर है जब अर्जेंटीना ने ग्रुप चरण में अपने सभी मैच जीते हैं। 2010 और 2014 में लगातार दो टूर्नामेंट में उसने अपने सभी तीनों मैच जीते थे। उसके बाद उसने पहली बार ऐसा किया। अर्जेंटीना ने अपने पिछले 19 ग्रुप मैचों में 14 जीत, दो हार और तीन ड्रॉ दर्ज किए हैं। इस 48 टीम के टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के अलावा फ्रांस और मैक्सिको ही ऐसी टीमें रही जिसने ग्रुप चरण के अपने सभी मैच जीते।

# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में 29 जून को होगी अरमान-अभिरा की शादी, जश्न से पहले पसरा मातम..

डेस्क जगप्रेरणा।

*स्टार प्लस का लोकप्रिय सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में एक इमोशनल और खतरनाक ड्रामैटिक मोड़ देखने को मिलेगा, क्योंकि अरमान और अभिरा की शादी का जश्न शुरू हो चुका है।*



आने वाले एपिसोड में प्यार, खुशी और इमोशन से भरे पल देखने को मिलेंगे, जब परिवार उनकी तेल-हल्दी सेरेमनी के लिए एक साथ आएंगे। हालांकि, इस जश्न के बीच डर और टेंशन भी होगी, क्योंकि अरमान की जान बचाने वाली सर्जरी में बस कुछ ही घंटे बचे हैं। परिवार अरमान-अभिरा की सेरेमनी के लिए खास इंतजाम करता दिखेगा और सभी उनके मिलन का जश्न संगीत, डांस और खुशी के साथ मनाएंगे, जो बाद में मातम में बदलने वाला है।

## अरमान-अभिरा की शादी होगी यादगार..

अरमान-अभिरा की शादी में सब खुश दिखाई देंगे, क्योंकि परिवार के सदस्य कपल का यह दिन यादगार बनाने की कोशिश करेंगे। इन सभी जश्न के बीच अरमान और अभिरा एक-दूसरे के प्यार में खोए रहेंगे। कपल एक साथ सपने जैसा खूबसूरत डांस इमेजिन करते नजर आएंगे। मेकर्स ने भी सोशल मीडिया पर अभिमान की शादी का ऐलान कर दिया है, जो 29 जून को है।

## अरमान-अभिरा की शादी में होगा इमोशनल ड्रामा..

शादी की खुशियों के बीच आने वाले एपिसोड में परिवार के सदस्यों के बीच तनाव भी देखने को मिलेगा। खुशियों भरा माहौल तब बदल जाएगा, जब विद्या सबके सामने दादी सा पर अरमान और अभिरा के रिश्ते पर बुरी नजर डालने का आरोप लगाएगी। उसकी इस बात से जश्न के दौरान इमोशनल नाटक शुरू हो जाएगा।

जैसे-जैसे रस्में आगे बढ़ेंगी, अरमान-अभिरा परिवार के सदस्यों से खुशी-खुशी आशीर्वाद लेंगे।

हालांकि, पुरानी गलतफहमियों और मतभेदों के कारण वे दादी सा, मनीषा, काजल और दिशा से दूरी बनाए रखेंगे। अनसुलझे मुद्दे इस खास मौके पर भी इमोशनल दूरी बनाए रखेंगे।

## सर्जरी से पहले अरमान-अभिरा होंगे भावुक..

समारोह के दौरान दिशा जश्न के हिस्से के तौर पर अरमान को पारंपरिक मिठाई खिलाने की कोशिश करेगी, लेकिन अभिरा तुरंत बीच में आकर उसे रोक देगी। वह सबको याद दिलाएगी कि अरमान अपनी सर्जरी से पहले कुछ नहीं खा सकता।

अरमान के लिए उसकी चिंता इस मुश्किल समय में उसके प्यार और देखभाल को दिखाएगी। समारोह की खुशियों में जल्द ही खलल पड़ेगा, जब तेज हवाओं से घर हिलने लगेगा। यह मुसीबत का पहला संकेत लगेगा और सभी में डर पैदा कर देगा। अरमान की सर्जरी नजदीक आने के साथ परिवार की खुशियों में चिंता भी घुल जाएगी।

# भारतीय सेना के 2 जवानों ने रचा इतिहास, वर्ल्ड रोइंग कप में जीता पहला गोल्ड मेडल..

डेस्क जगप्रेरणा।

*भारतीय सेना के 2 जवान लक्ष्य और उज्ज्वल कुमार सिंह ने स्विट्जरलैंड के ल्यूसर्न में हुए 2026 वर्ल्ड रोइंग कप III में इतिहास रचते हुए देश के लिए पहला गोल्ड मेडल इस इवेंट में जीता है। लाइटवेट पुरुष डबल स्कल्स फाइनल में लक्ष्य*



और उज्जवल कुमार सिंह की भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 मिनट 26.09 सेकेंड का समय का समय निकालने के साथ पहली पोजीशन पर खत्म किया जिसमें उनको हांगकांग और नीदरलैंड्स की जोड़ियों से कड़ी टक्कर तो मिली लेकिन वह उन्हें पीछे रखने में कामयाब रहे।

## वर्ल्ड रोइंग कप सीरीज में पहली बार देश ने जीता गोल्ड..

लक्ष्य और उज्जवल कुमार सिंह अब पहली ऐसी भारतीय जोड़ी बन गए हैं जो वर्ल्ड रोइंग कप सीरीज में पहली बार देश के लिए गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब हो सके हैं। दोनों ने जहां अपनी रेस को 6:26.09 में पूरा किया था तो वहीं दूसरे नंबर पर हांगकांग की सैन तुंग लाम और टिक लुन चान जोड़ी रही जिन्होंने 6:27.14 के समय में रेस पूरी की थी। वहीं इस इवेंट में तीसरे नंबर पर नीदरलैंड्स की एरिक वैन ईजक वैन हेस्लिंगा और फ्रेडरिक प्लोएग जोड़ी रही जिन्होंने 6:27.36 समय में रेस पूरी की थी। लक्ष्य और उज्ज्वल कुमार सिंह दोनों ही भारतीय सेना में सैनिक हैं और ल्यूसर्न में मौजूद भारतीय दल का हिस्सा हैं। रेगाटा में हिस्सा लेने वाली 18 सदस्यों की टीम में से 17 एथलीट भारतीय सेना से और एक भारतीय नौसेना से है। यह रेगाटा ल्यूसर्न की मशहूर रोटसी झील हुई। जिसमें इसे दुनिया के सबसे बेहतरीन रोइंग वेन्यू में से एक माना जाता है, क्योंकि यहां का पानी शांत है और यहां ओलंपिक-स्टैंडर्ड का 2000 मीटर लंबा छह-लेन वाला कोर्स है।

## इससे पहले जीते थे तीन कांस्य पदक..

वर्ल्ड रोइंग कप में गोल्ड मेडल जीतने से पहले भारत ने तीन कांस्य पदक जीते थे। इसमें पहला मेडल साल 2009 में महिला कैटेगिरी में आया था, तो वहीं दूसरा और तीसरा मेडल साल 2019, 2022 में पैरा युगल कैटेगिरी में जीता था। ल्यूसर्न में 26-28 जून तक आयोजित वर्ल्ड रोइंग कप III में 42 देशों के 650 से अधिक एथलीटों ने हिस्सा लिया और यह इस साल के आखिर में होने वाली वर्ल्ड रोइंग चैंपियनशिप की दिशा में एक अहम कदम है।

# पत्नी गौहर के एक्स से मिलने से पहले घबरा गए थे जैद दरबार, Alliance में बताया कैसी थी कुशाल टंडन संग पहली मुलाकात?

डेस्क जगप्रेरणा।

*प्राइम वीडियो के 'द अलायंस' के पहले एपिसोड में दर्शकों को बात करने के लिए बहुत कुछ मिला, लेकिन एक अचानक हुई मुलाकात ने सबका ध्यान खींचा। एक्ट्रेस गौहर खान के पति जैद दरबार*



और उनके एक्स-बॉयफ्रेंड कुशाल टंडन पहली बार टेलीविजन पर एक ही छत के नीचे मिले। उनके एक-दूसरे से बात करने से पहले ही उनकी मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया पर हलचल मच गई, जिससे यह छोटी सी बातचीत प्रीमियर के सबसे चर्चित पलों में से एक बन गई।

## जैद दरबार की कुशाल टंडन संग पहली मुलाकात..

जैद दरबार ने बिना झिझक खुलासा किया कि कुशाल टंडन के अलायंस हाउस में आने से पहले वह प्रेशर महसूस कर रहे थे। डेजी शाह ने कन्फेशनल में कहा, 'मुझे लगा था कि आतिशबाजी होगी, क्योंकि घर में जैद और कुशाल हैं, लेकिन सब कुछ अच्छा था।' इस बीच एक कन्फेशनल में बोलते हुए, जैद ने बताया कि वह यह सोचना बंद नहीं कर पा रहे थे कि मीटिंग कैसी होगी और हर कोई कैसे रिएक्ट करेगा। उन्होंने कहाः

'मैं बहुत ही नर्वस था। दिमाग से के क्या होगा, क्या नहीं होगा, कौन कैसे रिएक्ट करेगा, लेकिन, कुशाल के अंदर आने के बाद हमने बातचीत की और सब अच्छा रहा। अजीब माहौल को हावी होने देने के बजाय कुशाल ने मेरे इमोशंस को हमदर्दी के तौर पर अपनाया। जैद बहुत जेंटल लड़का है, लेकिन मैं उसके इमोशंस समझता हूं।'

## जैद दरबार से शादी के पहले कौन था गौहर का एक्स..

जैद ने दिसंबर 2020 में गौहर खान से शादी की और तब से यह कपल अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात करता रहा है। कपल अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ की झलक फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं।

गौहर ने पहले कुशाल टंडन को कई सालों तक डेट किया था, जिसके बाद दोनों ने 2016 में अपना रिश्ता खत्म कर लिया।

## द अलायंस प्रीमियर एपिसोड में क्या हुआ?

अचानक लिए गए फैसलों, इमोशनल पलों और एक अनप्रेडिक्टेबल चैलेंज ने गेम को उल्टा कर दिया, जिससे कंटेस्टेंट्स को याद आया कि सबसे बड़ा ट्विस्ट उनके अपने अलायंस के अंदर से ही आ सकता है। प्रीमियर एपिसोड में मिनी माथुर और सबी सूरी के बीच किचन में हुई अनबन हुई, जिसके बाद सबी रो पड़े। बता दें कि 'अलायंस' एक सोशल स्ट्रेटेजी रियलिटी शो है, जिसे कुणाल खेमू होस्ट कर रहे हैं। इस सीरीज में 16 सेलिब्रिटीज रहस्यमयी 'सिस्टम' हेडक्वार्टर में रहते हैं, जहां उन्हें चार टीमों में बांटा जाता है।

# पैरी, गार्डनर ने भारत को महिला टी20 विश्व कप से बाहर किया, आस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*वनडे विश्व चैम्पियन भारतीय टीम टी20 प्रारूप में उस प्रदर्शन को नहीं दोहरा सकी और एलिसे पैरी तथा एशले गार्डनर की शानदार पारियों के दम पर आस्ट्रेलिया ने रविवार को उसे छह विकेट से हराकर महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से ही बाहर कर दिया।*



भारत की टी20 कप्तान के रूप में हरमनप्रीत कौर के सफर पर भी यहां विराम लग सकता है। जीत के लिये 171 रन का लक्ष्य एक ओवर बाकी रहते हासिल करके छह बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अपना 10वां विश्व कप खेल रही पैरी ने 38 गेंद में 56 और गार्डनर ने 29 गेंद में नाबाद 53 रन बनाये। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 100 रन की साझेदारी की। आस्ट्रेलिया ग्रुप वन में दस अंक लेकर शीर्ष पर रही जबकि भारत छह अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इस ग्रुप से दक्षिण अफ्रीका भी सेमीफाइनल में पहुंच गया जिसने दिन में एक अन्य मैच में बांग्लादेश को हराया था। आस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और दसवें ओवर में ही 68 रन पर उसके तीन विकेट गिर गए थे। सलामी बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड, जॉर्जिया वोल और अनुभवी बेन मूनी सस्ते में आउट हो गए। वोल को पहले ही ओवर में रेणुका सिंह ने पवेलियन भेजा। इसके बाद पैरी और गार्डनर ने भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया। अपने बरसों के अनुभव का पूरा इस्तेमाल करते हुए उन्होंने जोखिम लिये बिना रन बनाये। गार्डनर ने स्पिनर श्री चरणी और शेफाली वर्मा को छक्के लगाये। पैरी ने 33 गेंद में और गार्डनर ने 29 गेंद में अर्धशतक पूरे किये। इससे पहले कप्तान हरमनप्रीत के 27 गेंद में 56 रन की मदद से भारत ने चार विकेट पर 170 रन बनाये हालांकि बाकी भारतीय बल्लेबाज तेजी से रन बनाने में नाकाम रहे। भारत की शुरूआत अच्छी रही और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (38) और शेफाली वर्मा (34) ने 66 रन की साझेदारी की। दोनों हालांकि तेजी से रन नहीं बना सकी और रनरेट कभी सात के ऊपर नहीं गया। शेफाली ने आफ स्पिनर एशले गार्डनर को दो छक्के लगाये और मंधाना ने तेज गेंदबाज किम गार्थ को दो चौके लगातार जड़े लेकिन इसके अलावा बड़े शॉट कम ही दिखे। भारत ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 43 रन बना लिये थे। इसके बाद शेफाली ने आक्रामक खेलने की कोशिश की लेकिन आस्ट्रेलियाई कप्तान सोफी मोलिनू को बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठी। मंधाना भी ज्यादा देर टिक नहीं सकी और जेमिमा रौड्रिग्स (28 गेंद में 34) के साथ हुई गलतफहमी के कारण एक रन चुराने के प्रयास में पिच के बीच आ गई और डीप से जॉर्जिया वेयरहैम ने गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को सटीक थ्रो फेंककर उन्हें रन आउट कर दिया। जेमिमा ने मोलिनू को चौका लगाकर शुरूआत की लेकिन बाकी पारी में वह लय कायम नहीं रख सकी। वनडे विश्व कप में आस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की नायिका रही जेमिमा को 27 के स्कोर पर जीवनदान भी मिला। तेज गेंदबाज अनाबेल सदरलैंड की अगली गेंद पर उन्होंने डीप में छक्का लगाया।

आखिरी ओवर से पहले वह रिटायर्ड हर्ट हो गई। आक्रामक बल्लेबाज रिचा घोष एक ही गेंद खेल सकी। हरमनप्रीत ने हालांकि तेजी से रन बनाये। उन्होंने 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। आखिरी ओवर में उन्होंने लगातार तीन छक्के जड़े और इस ओवर में 23 रन बने।

# 'शो के लिए भावनाओं से खिलवाड़', आकांक्षा चमोला के तलाक वाले दावे पर भड़के लोग, गौरव खन्ना की भी लगाई क्लास..

डेस्क जगप्रेरणा।

*एकता कपूर के रियलिटी शो 'लॉकअप-सच या सजा' का पहला एपिसोड ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुका है और पहले ही एपिसोड के साथ ये शो चर्चा में आ गया है।*



शो में दाखिल हुए तमाम कंटेस्टेंट्स ने अपने एक-एक राज से पर्दा उठाया। शो में गौरव खन्ना की पत्नी और टीवी एक्ट्रेस आकांक्षा चमोला ने भी बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लिया है, जिनसे उनके इंट्रोडक्शन के हिस्से के तौर परअपने बारे में एक ऐसा राज बताने को कहा गया जो किसी और कंटेस्टेंट को नहीं पता था। इसके बाद आकांक्षा ने जिस राज से पर्दा उठाया, उसने फराह खान और रितेश देशमुख सहित सबको हैरान कर दिया। आकांक्षा ने बताया कि वह और गौरव खन्ना पिछले एक साल से अलग रह रहे हैं और इसी के साथ उन्होंने अपने तलाक की भी पुष्टि कर दी। अपने इसी खुलासे के बाद से आकांक्षा और गौरव खन्ना ट्रोल्स के निशाने पर हैं।

## आकांक्षा चमोला का खुलासा..

आकांक्षा चमोला का वीडियो चर्चा में है, जिसमें वह बता रही हैं कि वह और गौरव एक साल से अलग रह रहे हैं। आकांक्षा कहती हैं- 'तो मैं और गौरव डिवोर्स ले रहे हैं। हम एक साल से अलग रह रहे हैं और ये बात अब तक पब्लिक नहीं हुई थी। लेकिन, हां हम लंबे समय से इसके बारे में सोच रहे थे। हमारे बीच रिश्ते खराब नहीं हैं, हम अब भी एक-दूसरे से बात करते हैं, लेकिन हमें लगता है कि पार्टनर के तौर पर हम एक-दूसरे के लिए ठीक नहीं हैं। क्योंकि भविष्य को लेकर हम दोनों का नजरिया बेहद अलग है। हमारे बीच किसी तरह की कड़वाहट नहीं है।' अपने इस बयान के बाद आकांक्षा ट्रोल हो रही हैं। कई ने दावा किया कि शो के लिए वह लोगों के इमोशन्स के साथ खेल रही हैं।

## ट्रोल हो रहीं आकांक्षा चमोला..

आकांक्षा चमोला के इस खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर ट्रोल्स उनके पीछे पड़ चुके हैं। कई ने दावा किया कि एक्ट्रेस सिर्फ और सिर्फ शो और पब्लिसिटी के लिए ऐसा कर रही हैं। वहीं कई ने उन पर फैंस के इमोशन्स से खेलने का आरोप लगाया, क्योंकि अब तक आकांक्षा और गौरव खन्ना अक्सर सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ लवी-डवी फोटोज और वीडियोज शेयर करते रहते हैं। यही नहीं बिग बॉस 19 के दौरान भी दोनों के बीच अच्छी केमेस्ट्री देखने को मिली थी। आकांक्षा के इस खुलासे पर रिएक्ट करते हुए एक यूजर ने लिखा- 'दोनों ने शो जीतने के लिए भारतीय दर्शकों के इमोशन्स के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि वह एक साल पहले अलग हो गए थे, तो बिग बॉस में जो इंटीमेट मोमेंट्स देखे को मिले वो झूठे थे।'

## आकांक्षा पर ट्रोल्स का हमला..

एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- 'आप आकांक्षा खन्ना क्यों हैं? अगर आप पिछले साल से साथ नहीं रह रहे थे...' एक अन्य ने लिखा- 'क्या बात है, थोड़े से फेम के लिए तलाक का इस्तेमाल कर लिया। ऐसे फेम लेकर कहीं नहीं पहुंचोगी।' एक और लिखता है- 'शो के लिए फैंस के इमोशन्स से खिलवाड़ कर रही हैं और कुछ नहीं।' यही नहीं, आकांक्षा के खुलासे के बाद गौरव खन्ना भी जमकर ट्रोल हो रहे हैं। कई ने आरोप लगाया कि बिग बॉस के दौरान उन्होंने लगातार अपनी गुड बॉय वाली छवि बनाए रखने के लिए झूठ कहा तो वहीं कई ने आरोप लगाया कि पति-पत्नी दोनों लाइमलाइट के लिए अपने फैंस की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433





जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## क्या विश्व अर्थव्यवस्था का अगला विकास इंजन भारत बनेगा?- अमेरिकी प्रशंसा, ब्रिटेन एफटीए, निवेश आकर्षण वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में समग्र व्यापक विश्लेषण

वैश्विक स्तरपर विश्व की आर्थिक व्यवस्था में किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी सैन्य क्षमता से पहले उसकी आर्थिक मजबूती से आंकी जाती है।विकसित राष्ट्र बनने के अनेक मानदंड हैं,किंतु उन सभी का मूल आधार सुदृढ़ अर्थव्यवस्था,स्थिर वित्तीय व्यवस्था निवेशकों का विश्वास, मजबूत पूंजी बाजार और प्रभावी वैश्विक साझेदारियां हैं।आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर तीसरे स्थान की ओर तेज़ी से अग्रसर है।इसी पृष्ठभूमि में आठ महत्वपूर्ण घटनाएं भारत की आर्थिक यात्रा को नई दिशा देती दिखाई देती हैं।27 जून 2026 को अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा भारत और भारत के प्रधानमंत्री की सार्वजनिक प्रशंसा,भारत को अमेरिका का सबसे करीबी रणनीतिक साझेदार बताना, वैश्विक रेटिंग एजेंसियों की भूमिका पर उठे प्रश्न, भारत- ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) की संभावनाएं, भारतीय मूल की कंपनियों की वैश्विक सफ्लता पर ब्रिटिश रिपोर्टें,एमएसएमई दिवस 27 जून 2026 पर उद्यमिता को लेकर दिया गया संदेश,वैश्विक कंपनियों के निदेशकों को भारत के विकास से परिचित कराने की रणनीति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 27 जून 2026 को शुरू हुई तीन दिवसीय सेशेल्स यात्रा।इनसभी घटनाओं का साझा संकेत यह है कि भारत केवल एक विशाल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि आने वाले दशकों में वैश्विक निवेश,उत्पादन,व्यापार और पूंजी निर्माण का प्रमुख केंद्र बनने की क्षमता रखता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि विश्व इतिहास बताता है कि जिन देशों की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई,वही विश्व राजनीति और वैश्विक व्यापार के केंद्र बने।अमेरिका, जापान,जर्मनी, चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों ने अपनी आर्थिक शक्ति के आधार पर विश्व में प्रभाव स्थापित किया।आज भारत भी उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है।लगभग डेढ़ अरब की आबादी, विशाल घरेलू बाजार,युवा कार्यबल, तीव्र डिजिटलीकरण, मजबूत बैंकिंग व्यवस्था,रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह,बढ़ता विदेशी मुद्रा भंडार,विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने वाली नीतियां तथा आधारभूत संरचना में अभूतपूर्व निवेश भारत को विश्व की सबसे आकर्षक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कर रहे हैं। यही कारण है कि वैश्विक निवेशक अब भारत को केवल विकासशील देश नहीं बल्कि दीर्घकालिक निवेश गंतव्य के रूप में देखने लगे हैं।

साथियों, शेयर बाजार किसी देश की अर्थव्यवस्था का दर्पण माना जाता है,लेकिन यह वर्तमान की अपेक्षा भविष्य की संभावनाओं पर अधिक प्रतिक्रिया देता है।जब निवेशकों को विश्वास होता है कि किसी देश की नीतियां स्थिर हैं,सरकार सुधारों के प्रति प्रतिबद्ध है, अंतरराष्ट्रीय संबंध मजबूत हो रहे हैं और उद्योगों को विस्तार के अवसर मिल रहे हैं,तब पूंजी बाजार में सकारात्मक वातावरण बनता है।इसके विपरीत राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध,आर्थिक मंदी, बढ़ती महंगाई या वैश्विक अविश्वास बाजार में गिरावट का कारण बन सकते हैं।इसलिए कूटनीतिक घटनाओं का भी शेयर बाजार पर अप्रत्यक्ष लेकिन महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। 27 जून 2026 को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो द्वारा भारत और भारतीय प्रधानमंत्री की प्रशंसा को इसी व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। उन्होंने भारत को अमेरिका का सबसे करीबी रणनीतिकसाझेदार बताते हुए कहा कि भारतीय पीएम के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से अधिक मजबूत होकर प्रभावशाली वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है।उन्होंने व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा सुरक्षा,आपूर्ति श्रृंखला तथा समुद्री नेविगेशन जैसे क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग की भी सराहना की। अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए ऐसे बयान यह संकेत देते हैं कि विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत को दीर्घकालिक रणनीतिक भागीदार के रूप में देख रही है। इससे भारत की वैश्विक विश्वसनीयता मजबूत हो सकती है और निवेशकों का मनोबल बढ़ सकता है।

साथियों, यदि किसी देश के पक्ष में वैश्विक महाशक्ति सकारात्मक संदेश देती है तो उसका प्रभाव प्रत्यक्ष से अधिक मनोवैज्ञानिक होता है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफ्आईआई), वैश्विक पेंशन फंड, संप्रभु संपत्ति कोष तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियां निवेश निर्णय लेते समय केवल कंपनी की बैलेंस शीट नहीं देखतीं,बल्कि राजनीतिक स्थिरता,अंतरराष्ट्रीय संबंध, कानून व्यवस्था, व्यापारिक वातावरण और भविष्य की विकास संभावनाओं का भी मूल्यांकन करती हैं।इस दृष्टि से भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी भारतीय शेयर बाजार के लिए दीर्घकालिक सकारात्मक संकेत मानी जा सकती है।

आज भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कोविड महामारी और विभिन्न भू-राजनीतिक घटनाओं के बाद विश्व की अनेक कंपनियां उत्पादन का विविधीकरण चाहती हैं।ऐसी स्थिति में यदि भारत विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभरता है तो इलेक्ट्रॉनिक्स सेमीकंडक्टर,रक्षा विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, ऑटोमोबाइल, फर्मास्यूटिकल्स, लॉजिस्टिक्स और बंदरगाह क्षेत्रों में बड़े निवेश संभव हैं। इन क्षेत्रों से जुड़ी सूचीबद्ध कंपनियों को भी दीर्घकालिक लाभ मिल सकता है।

साथियों, विश्व अर्थव्यवस्था में क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।फिच,मूडीज़ और एसएंडपी जैसी एजेंसियां किसी देश की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग निर्धारित करती हैं। उनकी रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि संबंधित देश अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों को किस सीमा तक निभाने में सक्षम है।यदि किसी देश की रेटिंग बेहतर होती है तो विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ सकता है,सरकार अपेक्षाकृत कम ब्याज दर पर ऋण जुटा सकती है,विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ सकता है तथा बांड और शेयर बाजार दोनों को लाभ मिल सकता है। दूसरी ओर यदि रेटिंग घटती है तो विदेशी निवेशकों का जोखिम आकलन बढ़ जाता है, पूंजी निकासी का खतरा बढ़ सकता है तथा बाजार में अस्थिरता दिखाई दे सकती है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि किसी देश की वास्तविक आर्थिक शक्ति केवल रेटिंग एजेंसियों से निर्धारित नहीं होती। कई बार किसी देश का वास्तविक आर्थिक प्रदर्शन उसकी रेटिंग से बेहतर होता है। इसी संदर्भ में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 26 जून 2026 को लंदन में कहा कि कुछ वैश्विक रेटिंग एजेंसियां भारत के साथ निष्पक्ष व्यवहार नहीं कर रही हैं और उन्होंने कुछ कमजोर अर्थव्यवस्थाओं को भी भारत से बेहतर रेटिंग दी है।यह टिप्पणी वैश्विक वित्तीय मूल्यांकन प्रणाली पर एक गंभीर बहस को जन्म देती है। यदि भारत निरंतर उच्च विकास दर,बेहतर कर संग्रह, नियंत्रित राजकोषीय घाटा, मजबूत बैंकिंग प्रणाली और संरचनात्मक सुधार जारी रखता है,तो अंततः वास्तविक आर्थिक प्रदर्शन ही निवेशकों का विश्वास जीतता है।

भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक अवसर सिद्ध हो सकता है। एफ्टीए का मूल उद्देश्य व्यापारिक बाधाओं को कम करना, आयात-निर्यात को सरल बनाना और निवेश को प्रोत्साहित करना है। यदि यह समझौता प्रभावी रूप से लागू होता है तो भारतीय वस्त्र उद्योग, दवा उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग उत्पाद, कृषि प्रसंस्करण, रत्न एवं आभूषण तथा ऑटो कंपोनेंट उद्योग को बड़ा लाभ मिल सकता है। इससे संबंधित कंपनियों की आय में वृद्धि की संभावना बनेगी और शेयर बाजार में इन क्षेत्रों के प्रति निवेशकों की रुचि बढ़ सकती है। साथियों, भारत-ब्रिटेन आर्थिक सहयोग का एक और महत्वपूर्ण पक्ष भारतीय मूल की कंपनियों की बढ़ती वैश्विक सफ्लता है।विभिन्न व्यावसायिक रिपोर्टों में यह उल्लेख किया गया है कि भारतीय मूल की कंपनियां ब्रिटेन में हजारों रोजगार सृजित कर रही हैं,अरबों पाउंड का राजस्व उत्पन्न कर रही हैं तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। ऐसी रिपोर्टें वैश्विक निवेशकों को यह संदेश देती हैं कि भारतीय उद्यम केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भी सफ्ल हैं। इससे भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र की विश्वसनीयता और निवेश आकर्षण दोनों मजबूत होते हैं।

साथियों, 27 जून को मनाया गया अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस भारत के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक आधारशिला हैं। यही क्षेत्र करोड़ों लोगों को रोजगार देता है, बड़े उद्योगों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करता है तथा निर्यात में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। यदि इस क्षेत्र को सस्ता ऋण, आधुनिक तकनीक, डिजिटल प्लेटफॉर्म, निर्यात सहायता और नवाचार के अवसर मिलते हैं तो संपूर्ण औद्योगिक उत्पादन में तेजी आती है। इसका सकारात्मक प्रभाव अंततः बड़ी सूचीबद्ध कंपनियों और शेयर बाजार पर भी दिखाई देता है क्योंकि मजबूत एमएसएमई का अर्थ है मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र।आज विश्व की बड़ी कंपनियां निवेश निर्णय लेने से पहले केवल सरकारी प्रस्तुतियों पर निर्भर नहीं रहतीं।

वे स्वयं उस देश की यात्रा करती हैं, उद्योगों का निरीक्षण करती हैं, आधारभूत संरचना देखती हैं और स्थानीय व्यापारिक वातावरण का मूल्यांकन करती हैं। यदि भारत वैश्विक कंपनियों के निदेशकों और निवेशकों को अपने औद्योगिक गलियारों, एक्सप्रेस-वे, बंदरगाहों, रक्षा गलियारों, डिजिटल भुगतान व्यवस्था, स्टार्टअप इकोसिस्टम, सेमीकंडक्टर परियोजनाओं और स्मार्ट शहरों का प्रत्यक्ष अनुभव कराता है, तो यह निवेश आकर्षित करने का अत्यंत प्रभावी माध्यम सिद्ध हो सकता है। प्रत्यक्ष अनुभव किसी भी रिपोर्ट से अधिक विश्वसनीय होता है।


साथियों, भारतीय प्रधानमंत्री की 27 से 29 जून 2026 तक शुरू हुई सेशेल्स यात्रा को भी केवल विदेश नीति तक सीमित नहीं देखा जाना चाहिए। हिंद महासागर वैश्विक व्यापार का अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। भारत के अधिकांश ऊर्जा आयात और निर्यात इसी समुद्री क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। यदि भारत इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक उपस्थिति मजबूत करता है तो समुद्री व्यापार अधिक सुरक्षित होगा, आपूर्ति श्रृंखला की विश्वसनीयता बढ़ेगी और भारतीय कंपनियों के लिए नए व्यापारिक अवसर खुलेंगे। सेशेल्स स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने का इच्छुक है, जिससे भारतीय उद्योगों को नए बाजार मिल सकते हैं। साथियों, निवेशकों के दृष्टिकोण से देखें तो इन सभी घटनाओं का एक साझा संदेश है, भारत की वैश्विक आर्थिक विश्वसनीयता लगातार मजबूत हो रही है। हालांकि किसी एक बयान, यात्रा या समझौते से शेयर बाजार में स्थायी तेजी की गारंटी नहीं दी जा सकती, क्योंकि बाजार पर वैश्विक ब्याज दरों, महंगाई, भू-राजनीतिक तनाव, कॉर्पोरेट आय और अन्य अनेक कारकों का भी प्रभाव पड़ता है।फिर भी यदि सकारात्मक कूटनीति, आर्थिक सुधार, मुक्त व्यापार समझौते, मजबूत एमएसएमई, विदेशी निवेश और आधारभूत संरचना विकास समानांतर रूप से आगे बढ़ते हैं, तो भारतीय अर्थव्यवस्था और पूंजी बाजार दोनों को दीर्घकालिक लाभ मिलने की संभावना मजबूत होती है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि कहा जा सकता है कि भारत आज ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है जहां उसकी आर्थिक प्रगति को केवल घरेलू उपलब्धियों से नहीं बल्कि वैश्विक मंच पर भी व्यापक मान्यता मिल रही है। अमेरिका के साथ रणनीतिक संबंध, ब्रिटेन के साथ व्यापारिक सहयोग, वैश्विक निवेशकों का बढ़ता विश्वास, भारतीय उद्योगों की अंतरराष्ट्रीय सफ्लता, समुद्री कूटनीति, एमएसएमई सशक्तीकरण और निरंतर आर्थिक सुधार मिलकर भारत को आने वाले वर्षों में विश्व अर्थव्यवस्था के प्रमुख विकास इंजन के रूप में स्थापित कर सकते हैं। यदि यही गति, नीति-स्थिरता और सुधारों का क्रम जारी रहता है, तो भारतीय शेयर बाजार भी दीर्घकाल में इस आर्थिक परिवर्तन का सबसे बड़ा लाभार्थी बन सकता है और विकसित भारत 2047 का लक्ष्य अधिक यथार्थवादी एवं सशक्त आधार प्राप्त कर सकता है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 206




ck;! l! nk;! \& 1) भलाई, सेवा व सहायता 5) आसमान, गगन 8) अपरिचित व्यक्ति 13) सपना, निद्रा की अवस्था में चित्त –गोचर अनुभव 15) जीवनयापन का ढ़ंग 18) पुरी तरह से नष्ट होना 19) गिरीश कर्नाड और जयाप्रदा की एक पुरानी फिल्म 21) रद्द करना 23) उपपति, स्त्री का प्रेमी 24) दिवंगत अभिनेता, गायक किशोरकुमार के गायक बेटे का नाम 25) जनानखाना 27) योगासन में से एक 29) राजा जनक के दामाद 30) एक देश जिसकी राजधानी तेहरान है 32) एक द्वीप 33) नाव का वह अंग जिससे उसे घुमाया या मोड़ा जाता है 34) उचित 37) स्नान कराना 39) किस समय 41) पानी 42) संजय दत्त की मां का नाम 44) एक धातू 46) सरकना, जरा अलग होना 47) वस्तू 48) अनुचित 49) केश 50) तुच्छ 51) किसी चीज आदि को रोक लेना 52) मां 53) नदी का किनारा 54) जुम्मा जुम्मा देदे.... गीत वाली एक पुरानी फिल्म 55) अपचन 57) रंग बदलनेवाला एक जीववस्तू 59) लक्ष्मी 60) तस्कर 61) चित्त 62) तरीका 63) उड़ान (उर्दू) 64) वर्ण 65) अर्ध 66) गुलाम 67) एक रंग 69) फिल्म एक दुजे के लिये में कमल हसन का नाम 71) शव 73) एक किस्म की रोटी 74) लकड़ियां बेचकर जीवननिर्वाह करनेवाला 75) अनियंत्रित 77) अपनत्व 80) सियार 82) दौलत 84) घृत 85) पशू 86) रुकना, ठहरना 87) पक्षाघात 89) एक फल 91) कुंदनलाल नामक एक पुराने गायक अभिनेता का कुलनाम 93) हमेशा 94) ऊलजलूल 96) अवश्य 97) एक कंद जिसे खाने पर खुजलाहट होती है 98) पिता के पिता के पिता 100) प्रशंसा 102) दर्द देना 104) दुनियां 106) ठंड़ा 108) धन, समान 109) बहू की मां 110) लकड़ियां चीरने का एक औजार 111) अपराध 112) कला 113) अशिष्ट, गुस्ताख 114) सरिता, जल की धारा

Åij l! ulp :– 1) ह्दय 2) वस्त्र पहनने का ढंग 3) श्रवणेंद्रिय 4) एक पुराने कृष्णभ्क्त मुस्लिम कवि 6) व्याकुल 7) एक मंगल वाद्य 8) अनभिज्ञ, अपरिचित, जानकारी का अभाव 9) विष 10) मनुष्य के शरीर की रक्तवाहिनी 11) रामायण में दशरथ का एक पुत्र 12) त्रिपुरा की राजधानी 14) वर्ष, साल 16) विष्णू 17) उपहार, वह वस्तु जो भेंट के रुप में दी जाये 19) राजा दशरथ की एक रानी 20) राजी कराना 22) अल्पवयस्क 24) मंत्री,, सचिव 26) दिवस 27) शामिल 28) सच 31) दानव 33) परिधान कराना 34) अपराधी,, अभियुक्त 35) नष्ट 36) पाकिस्तान का एक प्रमुख शहर 37) उपद्रवी,,चंचल, धूर्त 38) सुगंध देनेवाला एक फूल 40) बिना, सिवा 41) हमारे पहले प्रधान मंत्री 43) चुहे का आकार का एक जंतू 45) विपत्ती आना अर्थवाला एक मुहावरा 46) बिलकुल 47) एक एशियायी देश 50) मशहूर 52) एकत्र 53) तीर चलाने मे प्रवीण 55) दंगा 56) जताना 58) प्रस्थान 59) घिसना 64) निर्धन, कंगाल 65) पूजा, उपासना 68) लगना का भूतकाल 70) अच्छा मौका 72) कसम, प्रतिज्ञा 74) बालपन 76) सामर्थ्य, क्षमता 78) परदे में रहनेवाली 79) प्रणाम 81) पीसना 83) शांत करना 88) धोना (अंग्रेजी ) 89) गुनाह 90) शाप 91) सज्जित होना 92) बादल का आवाज करना 94) न्यायालय 95) नादान, मुर्ख 97) उजड़ा, निर्जन 98) समय का एक सुक्ष्म विभाग 99) बेटी का पति 101) हत्या, हिंसा 103) सच्चा, जिसमें खोट न हो 105) महीना 107) गीला

(जबाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## इमानदार बिक गये..

अखबार बिक गये, पत्रकार बिक गये
नेता, अफ्सर और सरकार बिक गये।
रेत के धंधे मे हमने ये भी देख लिया
जो विरोध मे थे वो किरदार बिक गये।
अर्जियों का नही हो रहा असर उन पर
डीएम, एसडीएम, तहसीलदार बिक गये।
दो नम्बर के धंधे एक नम्बर चल रहे है
सिपाही सहित क्षेत्र के थानेदार बिक गये।
कल तक करते थे
सच्छाई की जो बातें
चंद रूपयों मे वो
ईमानदार बिक गये।
सबको पहुच गया
है गोश्त का टुकड़ा
कहीं रहनुमा कहीं
जिम्मेदार बिक गये।
बेईमानी करके वो
जमीन खरीद लिये
यहां ईमानदारों के
घर–बार बिक गये।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## दशा महा दशा..

एसी वालों का योग हुआ।
कुछ घंटों का तमाशा हुआ।
अंतर्मन से दिखावे के ध्यान मग्न हुआ।
बहुत फायदे बताया गया।
जैसे ही हुआ।
फोटोग्राफों की झड़ी लग गया।
मिटाते–मिटाते पस्त हो गया।
योग का मतलब समझ नहीं आया।
कुछ आदेश का पालन कर रहे थे।
प्रात :काल 8 बजे उठने वाले।
कुछ मजबूरी में उठकर रहे थे।
यहाँ भी मुख्य अतिथि।
क्या जरूरत थी।
प्राचीन काल से चली
आ रही प्रथा।
अब राजनीतिकरण
हो गया।
ऋषिमुनियों ने इतना।
प्रचार–प्रसार
नहीं किया था।
जितना नया–नया।
ज्ञानचन्दों ने
ज्ञान दिया था।
सबका हृदय
रोग बढ़ा दिया?

लेखक



आचार्य डॉ. वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'

## अरदास है पिता..

आकाश है पिता।
विश्वास है पिता।
बच्चों की उन्नति का
हर प्रयास है पिता।
श्रम की पराकाष्ठा
बिन्दास है पिता।
छोटे बड़े सभी की
भूख–प्यास है पिता।
जिन्दगी जीने का
आभास है पिता।
पतझर में,संतान हित
मधुमास है पिता।
दूर रहकर भी –
रहता पास है पिता।
रोज– रोज भोगता
वनवास है पिता।
दफ्तर में कर्मचारी
घर में बॉस है पिता।
आस है परिवार की
खास है पिता।
खुशी कभी ग़म का
निवास है पिता।
पूजा– आराधना है
अरदास है पिता।।

रचनाकार



शशि तिवारी,
गोंदिया (महाराष्ट्र)





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# रावघाट खदान सड़क निर्माण में 540 से अधिक पेड़ कटने का आरोप, कंपनी का उल्लंघन से इनकार..



कांकेर, (भाषा)।

***छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में रावघाट खदान से लौह अयस्क के परिवहन के लिए वन विभाग की पूर्व अनुमति के बिना एक कच्ची सड़क बनाने के उद्देश्य से 500 से अधिक पेड़ काट दिए गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।***

हालांकि, खदान का आवंटन पाने वाली कंपनी ने इस आरोप से इनकार किया है। रावघाट खदान का आवंटन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी 'स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड' (सेल) की इकाई 'भिलाई इस्पात संयंत्र' (बीएसपी) को किया गया है। संयंत्र ने पेड़ काटे जाने की पुष्टि की है, लेकिन किसी भी प्रकार के उल्लंघन से इनकार करते हुए कहा कि सड़क का निर्माण उसी क्षेत्र में किया गया है जिसके लिए पहले ही वैधानिक वन मंजूरी मिल चुकी थी।

बीएसपी अधिकारियों के अनुसार, सड़क का निर्माण मार्च-अप्रैल में किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पेड़ काटने का कथित अवैध मामला सामने आने के बाद तीन वन रक्षकों और दो क्षेत्रीय सहायकों को उस क्षेत्र से हटा दिया गया है।

पूर्वी भानुप्रतापपुर के उप वन संरक्षक (क्षेत्रीय) ऋषभ जैन ने बताया कि वन विभाग के कर्मियों ने 18 जून को सरगीपाली गांव के पास इस स्थल का निरीक्षण किया और वहां सड़क बनी हुई पाई, जिसके बाद एक प्रारंभिक अपराध रिपोर्ट (पीओआर) दर्ज की गई। वन विभाग के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रावघाट लौह अयस्क खदान परियोजना के लिए पहले करीब 880 हेक्टेयर वन भूमि को मंजूरी दी गई थी।

हालांकि, यह नई सड़क उस मंजूरशुदा इलाके से बाहर, आरक्षित वन के अंदर बनाई गई है। अधिकारी के अनुसार, खदान से रेलवे माल ढुलाई केंद्र तक ट्रकों के जरिये लौह अयस्क भेजने के लिए लगभग 1.34 किलोमीटर लंबी और 10 मीटर चौड़ी यह कच्ची सड़क बनाई गई थी।

अधिकारी के अनुसार, पांच सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट में सामने आया है कि इस सड़क के निर्माण के लिए कोई कानूनी मंजूरी नहीं ली गई थी। शुरुआती जांच के मुताबिक, सड़क बनाने के लिए करीब 540 पेड़ काटे गए हैं, और पूरी जांच के बाद यह संख्या और बढ़ सकती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सड़क का रास्ता बनाने के लिए पहाड़ी के कुछ हिस्सों को भी काटा गया है।

# अमेरिकी डॉलर के रुख, ईरान संकट पर निर्भर करेगी सोना-चांदी की दिशा: विश्लेषक



नई दिल्ली, (भाषा)।

***अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और कई वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।***

विश्लेषक का कहना है कि फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले की दिशा के अनुरूप अगले सप्ताह प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई, यूरो क्षेत्र के मुद्रास्फीति के आंकड़े तथा अमेरिका के गैर-कृषि रोजगार तथा बेरोजगारी के आंकड़े बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता ठप होने तथा दोनों देशों के बीच बढ़े सैन्य तनाव पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भी सर्राफा बाजार को प्रभावित कर सकता है।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''सोने और चांदी की कीमतों में अब भी गिरावट का रुख बना हुआ है और बाजार फिलहाल 'करेक्शन' के दौर से गुजर रहा है।''

अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले सप्ताह कॉमेक्स पर सोना 149.6 डॉलर यानी 3.5 प्रतिशत गिरकर 4,096.3 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। वहीं चांदी 7.13 डॉलर यानी 10.7 प्रतिशत टूटकर 59.67 डॉलर प्रति औंस रह गई।

'मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज' पर सप्ताह के दौरान अगस्त में आपूर्ति होने वाले सोने का वायदा भाव 3,041 रुपये यानी 2.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं सितंबर में आपूर्ति होने वाली चांदी का वायदा भाव 15,269 रुपये यानी 6.4 प्रतिशत टूटकर 2.23 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक जिंस एवं मुद्रा, जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''पिछले सप्ताह सोने पर लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा और इसकी कीमत दो प्रतिशत गिर गई। अमेरिकी डॉलर की मजबूती के कारण कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा, जिससे सोने में गिरावट का सिलसिला जारी रहा।''

उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट से महंगाई संबंधी चिंताएं कम हुईं, जिससे मुद्रास्फीति से बचाव के साधन के रूप में सोने की मांग कमजोर पड़ी।

वैश्विक बाजार में सोने का वायदा भाव पिछले सप्ताह 149.6 डॉलर यानी 3.5 प्रतिशत गिरकर 4,096.3 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। वहीं अमेरिका में चांदी 10.7 प्रतिशत टूटकर 59.67 डॉलर प्रति औंस रह गई। मेर ने कहा कि शुक्रवार को अमेरिका के व्यक्तिगत उपभोग व्यय मुद्रास्फीति के आंकड़े अपेक्षा से नरम रहने के बाद सस्ते भाव पर खरीदारी से सोने में कुछ सुधार देखने को मिला।

इसके अलावा चीन के केंद्रीय बैंक की ओर से सोने की लगातार खरीद, अमेरिका-ईरान तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूरोपीय संघ पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी ने भी सोने को कुछ समर्थन दिया।

# संकट के हर दौर में सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां बनीं ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़



नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत ने जब-जब किसी बड़े संकट का सामना किया है हर बार देश की सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।***

चाहे 2015 की विनाशकारी बाढ़ हो, कोविड-19 महामारी हो या फिर वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का संकट उत्पन्न करने वाला पश्चिम एशिया का हालिया संघर्ष। विश्लेषकों और उद्योग जगत के अधिकारियों का कहना है कि हर राष्ट्रीय आपातकाल ने इस बात को और मजबूत किया है कि सरकारें देश की ऊर्जा जीवनरेखा को नियंत्रित करने वाली इन कंपनियों पर से अपनी पकड़ ढीली करने में क्यों कतराती रही हैं।

दशकों से भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की अक्सर कम मुनाफे, ईंधन मूल्य निर्धारण में सरकारी हस्तक्षेप और बड़े परिचालन के लिए आलोचना की जाती रही है। इन्हें दो बार निजीकरण के दायरे में भी लाया गया था। वर्ष 2002 में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) को बेचने की योजना ने गति पकड़ी, जिसे उच्चतम न्यायालय के एक फैसले ने रोक दिया। इसके बाद 2020 में फिर से यह प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन पर्याप्त बोलियां न मिलने के कारण इसे छोड़ दिया गया।

अधिकारियों ने कहा कि जब 2015 में अभूतपूर्व बाढ़ ने चेन्नई को जलमग्न कर दिया था, तब इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), बीपीसीएल और एचपीसीएल ने वैकल्पिक मार्गों से ईंधन पहुंचाने, डूबे हुए डिपो को बहाल करने और आपातकालीन सेवाओं को आपूर्ति जारी रखने के लिए दिन-रात काम किया।

इसी तरह, कोविड-19 महामारी के दौरान देशव्यापी लॉकडाउन के बावजूद इन कंपनियों ने लगभग बिना किसी बाधा के काम किया। उन्होंने बताया कि सख्त आवाजाही प्रतिबंधों के बीच भी ईंधन स्टेशन खुले रहे, रिफाइनरियां न्यूनतम कर्मचारियों के साथ चलती रहीं, करोड़ों घरों में एलपीजी सिलेंडर पहुंचाए गए और राहत एवं चिकित्सा उड़ानों के लिए विमान ईंधन (एटीएफ) की आपूर्ति बनाए रखी गई।

पश्चिम एशिया में हालिया संघर्ष ने एक बार फिर इन कंपनियों के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया है। ईरान युद्ध के कारण जब कच्चे तेल के व्यापार मार्ग प्रभावित हुए और होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ीं, तो भारत की सरकारी रिफाइनरियों ने तेजी से अपने परिचालन को व्यवस्थित किया।

उन्होंने पेट्रोरसायन से ध्यान हटाकर एलपीजी उत्पादन बढ़ाया, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों से कच्चे तेल की खरीद में विविधता लेकर आईं और स्थानीय स्तर पर किल्लत से बचने के लिए देश भर में ईंधन की आपूर्ति का समन्वय किया।

एक उद्योग अधिकारी ने कहा, ÷इसका परिणाम यह हुआ कि देश के किसी भी कोने में ईंधन की कमी नहीं हुई। पड़ोस सहित कई देशों के विपरीत, भारत में ईंधन की कोई सीमित आपूर्ति देखने को नहीं मिली।÷

इन कंपनियों ने यह सब वैश्विक तेल कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी का न्यूनतम बोझ उपभोक्ताओं पर डालकर किया। तीन सरकारी कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक के उछाल को खुद झेला। इसके बाद उन्होंने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 7.50 रुपये प्रति लीटर, एलपीजी दरों में 89 रुपये प्रति सिलेंडर और सीएनजी में छह रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की, जो दुनिया की अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में हुई बढ़ोतरी की तुलना में बेहद कम थी।

यह प्रतिक्रिया दशकों में तैयार की गई रणनीति को दर्शाती है: पहले वैश्विक झटकों को खुद झेलना और उपभोक्ताओं को जब तक संभव हो, सुरक्षित रखना। क्रिसिल रेटिंग्स के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों तेल कंपनियों को मार्च और मई के बीच 40,000-45,000 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान (अंडर-रिकवरी) होने का अनुमान है, जो उनके संयुक्त वार्षिक लाभ के लगभग बराबर है। इसके विपरीत, नायरा एनर्जी और शेल जैसी निजी क्षेत्र की कंपनियों ने इस अवधि के दौरान खुदरा कीमतों में अधिक अंतर से बढ़ोतरी की।

ऐसा ही कुछ कोविड-19 के दौरान भी देखा गया था, जब मांग घटने पर कई निजी खुदरा विक्रेताओं ने अपने आउटलेट पर 'नो स्टॉक' के बोर्ड लगा दिए थे, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने आपूर्ति जारी रखी थी।

# जीएसटी के 10 साल: अब सरकार का ध्यान एआई आधारित अनुपालन, तेज रिफंड पर..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली लागू होने के 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में अब सरकार का ध्यान केवल कर संग्रह बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित अनुपालन, तेज रिफंड, डेटा एकीकरण और कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित हो गया है।***

इसका उद्देश्य कारोबार क्षेत्रों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अनुपालन लागत कम करना और कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

सरकार जीएसटी, आयकर और सीमा शुल्क के डेटाबेस को आपस में जोड़ रही है ताकि जोखिम का बेहतर आकलन किया जा सके, कर चोरी की पहचान आसान हो और मैन्युअल हस्तक्षेप कम किया जा सके। साथ ही एआई और डेटा विश्लेषण के जरिये अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और दक्ष बनाया जा रहा है।

जीएसटी को देश के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में गिना जाता है। इसने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाया है, करदाताओं का दायरा बढ़ाया है, अनुपालन को मजबूत किया है और सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

एक जुलाई, 2017 को आधी रात में संसद के केंद्रीय कक्ष में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने जीएसटी की शुरुआत की थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे 'गुड एंड सिंपल टैक्स' बताते हुए कहा था कि इससे व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी।

जीएसटी लागू करने से पहले देश में केंद्र और राज्यों के 17 प्रकार के कर तथा 13 तरह के उपकर (सेस) लागू थे। जीएसटी में इन्हें समाहित कर पूरे देश के लिए एक समान अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू की गई, जिससे 'एक राष्ट्र, एक कर' की अवधारणा को बल मिला।

इस व्यापक सुधार को लागू करने में तत्कालीन वित्त मंत्री स्व. अरुण जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने राज्यों और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने के लिए लंबी बातचीत की थी। जेटली ने इसे दुनिया की सबसे जटिल अप्रत्यक्ष कर प्रणालियों में से एक के पुनर्गठन की बड़ी उपलब्धि बताया था।

जीएसटी लागू होने के समय देश में पंजीकृत करदाताओं की संख्या करीब 66.5 लाख थी, जो वर्ष 2026 तक बढ़कर लगभग 1.6 करोड़ हो गई है। इसे अर्थव्यवस्था के तेजी से संगठित होने का संकेत माना जा रहा है।

शुरुआत में जीएसटी में चार कर स्लैब-5, 12, 18 और 28 प्रतिशत थे। वहीं विलासिता वाली वस्तुओं और अहितकर उत्पादों मसलन तंबाकू आदि पर 28 प्रतिशत के कर के अलावा अतिरिक्त उपकर भी लगाया गया।

बाद में कर प्रणाली में सुधार के तहत 22 सितंबर, 2025 से नई दो-स्तरीय जीएसटी व्यवस्था लागू की गई। इसके तहत अधिकांश आवश्यक वस्तुओं को पांच प्रतिशत और सामान्य वस्तुओं एवं सेवाओं को 18 प्रतिशत कर स्लैब में रखा गया। वहीं केवल लक्जरी और अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की उच्च दर लागू रखी गई। सरकार का कहना है कि इस बदलाव से अधिकांश वस्तुएं सस्ती हुई हैं और उपभोक्ताओं के हाथ में अधिक नकदी बच रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार नई जीएसटी व्यवस्था का उद्देश्य आम लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाना है। जीएसटी की दरों का निर्धारण जीएसटी परिषद करती है, जिसमें केंद्र और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

वर्ष 2017-18 में जीएसटी लागू होने के समय औसत मासिक जीएसटी संग्रह 89,700 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 1.85 लाख करोड़ रुपये प्रति माह पर पहुंच गया। इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 में औसत मासिक संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा था। वित्तवर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 में यह 9.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा था।

जीएसटी लागू करते समय केंद्र और राज्यों के बीच इस बात पर सहमति बनी थी कि पेट्रोलियम उत्पादों को भी संविधान संशोधन के तहत जीएसटी के दायरे में शामिल किया जाएगा। हालांकि, यह फैसला जीएसटी परिषद पर छोड़ दिया गया था कि कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल, विमान ईंधन (एटीएफ) और प्राकृतिक गैस को किस तारीख से जीएसटी के तहत लाया जाए।

इस संबंध में जीएसटी परिषद में विमान ईंधन (एटीएफ) को जीएसटी के दायरे में लाने पर कुछ चर्चा हुई थी, लेकिन राज्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया। ऐसे में इस पर कोई सहमति नहीं बन सकी। सरकारी सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार इस मुद्दे पर फिलहाल राज्यों की पहल का इंतजार कर रही है। यानी जब तक राज्य इस संबंध में प्रस्ताव नहीं लाते, तब तक पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने की दिशा में आगे बढ़ने की संभावना नहीं है।

# पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों, वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी घरेलू शेयर बाजार की दिशा



नई दिल्ली, (भाषा)।

इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भारत के प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य घटनाक्रम के साथ-साथ विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि निवेशक औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों, एचएसबीसी के अंतिम विनिर्माण, सेवा और समग्र पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) तथा विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों पर विशेष नजर रखेंगे। इन आंकड़ों से घरेलू अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में महत्वपूर्ण संकेत मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने रहेंगे। इसके अलावा, एक जुलाई को जारी होने वाले विभिन्न वाहन कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बाजार की चाल काफी हद तक भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर निर्भर करेगी। निवेशक अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य तनाव के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति पर करीबी नजर बनाए रखेंगे।

उन्होंने कहा कि यदि दोनों पक्षों के बीच बातचीत दोबारा शुरू होने या तनाव कम होने के संकेत मिलते हैं तो इससे बाजार में जोखिम लेने की धारणा मजबूत हो सकती है। वहीं, यदि तनाव और बढ़ता है तो वैश्विक आर्थिक वृद्धि और ऊर्जा बाजार को लेकर निवेशकों की चिंताएं बढ़ सकती हैं। पोनमुडी ने कहा कि घरेलू स्तर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी, क्योंकि इसका असर कृषि उत्पादन, ग्रामीण मांग और महंगाई पर पड़ सकता है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपदा प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि इस सप्ताह भारत के विनिर्माण पीएमआई और मई महीने के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों के अलावा अमेरिका के विनिर्माण सूचकांक पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 297.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि एनएसई का निफ्टी 42.90 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

# व्हाट्सऐप वेब के जरिए फैल रहे मैलवेयर को लेकर सीईआरटी - आईएन ने किया आगाह..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***व्हाट्सऐप वेब और डेस्कटॉप उपयोगकर्ताओं को मैलवेयर के जरिए बड़े पैमाने पर निशाना बनाया जा रहा है, जिससे लोगों के उपकरणों तक अनधिकृत पहुंच बनाने तथा संवेदनशील जानकारी चुराने की कोशिश की जा रही हैं। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा***

एजेंसी भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-आईएन) ने यह जानकारी दी। सीईआरटी-आईएन ने व्हाट्सऐप वेब और डेस्कटॉप उपयोगकर्ताओं को किसी भी फाइल को लेकर सावधान रहने की चेतावनी दी है, भले ही वे किसी दोस्त, सहकर्मी या परिवार के सदस्य की तरफसे ही क्यों न प्राप्त हुई हों।

एजेंसी ने 25 जून को जारी परामर्श में कहा, ''यह देखा गया है कि बड़े पैमाने पर मैलवेयर फैलाने के एक अभियान से व्हाट्सऐप डेस्कटॉप और व्हाट्सऐप वेब उपयोगकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है।''

कैस्परस्की और सिक्योरलिस्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि खतरा पैदा करने वाले लोग हैक किए गए व्हाट्सऐप अकाउंट का इस्तेमाल करके सीधे पीड़ितों को खतरनाक फाइल भेजते हैं। इससे मैसेज असली लगते हैं और सफल हमले की आशंका काफी बढ़ जाती है।

सीईआरटी-आईएन ने कहा, ''हमलावर पहले से हैक किए गए व्हाट्सऐप अकाउंट का इस्तेमाल करके उपयोगकर्ता के परिचित लोगों को खतरनाक फाइल भेजते हैं।

जान पहचान वाले व्यक्ति के नंबर से मैसेज आने की वजह से इन्हें प्राप्त करने वाला व्यक्ति फाइल को खोलने के लिए जल्दी तैयार हो सकते हैं।''

मैलवेयर हमले में सफलता मिलते ही साइबर अपराधी उपकरण का रिमोट एक्सेस (उपकरण पर नियंत्रण) हासिल कर सकते हैं, धोखाधड़ी वाली गतिविधियों के लिए निजी जानकारी चुरा सकते हैं। इन सब से लोगों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# डबल मनी घोटाला: रुपये वापस मिलने की उम्मीद से पीड़ितों ने बोलेगांव में किया प्रदर्शन

जगप्रेरणा लांजी।

***बालाघाट जिले के लांजी क्षेत्र में बहु चर्चित डबल मनी घोटाला जहां आज भी निवेशक आस लगाये हुये बैठे है कि हमारे निवेश किये गये रूपये पैसे हमे वापस मिलेंगे।***



वहीं डबल मनी घोटाले के मास्टर माईड सोमेन्द्र कंकरायने सहित उसके भाई बंधु तथा उसके साथ काम करने वाले आज भी फरार है पुलिस गिरफ्त से बहार है। इन्ही विषयों को लेकर अब लांजी सहित अन्य क्षेत्र के निवेशक आक्रोशित दिखाई दे रहे है तथा 28 जून को डबल मनी लूट काण्ड के मास्टर माईड सोमेन्द्र कंकरायने के घर बोलेगांव पंहुचकर शांति पूर्ण प्रदर्शन किय।

इस दौरान पुलिस बल भी उपस्थित रहा। यह घटना रविवार, 28 जून को हुई। इससे एक दिन पहले शनिवार को कुछ पीड़ितों ने लांजी पुलिस थाना पहुंचकर लिखित अर्जी देकर मामले की जानकारी दी थी। जब निवेशक सोमेंद्र कांकरायने के आवास के सामने पहुंचे तो स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा, जिसने शांति व्यवस्था बनाए रखी।

### निवेशकों ने सोमेन्द्र के परिवार जनों कि मुलाकात..

बोलेगांव स्थित सोमेंद्र कांकरायने के घर पंहुचकर निवेशकों ने परिवार के सदस्यों से शांतिपूर्वक मुलाकात की और अपना निवेश किया हुआ धन तुरंत लौटाने की मांग रखी। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने रूपये पैसे डबल रिटर्न का लालच देकर अपनी मेहनत की कमाई इस स्कीम में लगाई थी, लेकिन अब वर्षों बीत जाने के बावजूद न तो मूलधन मिला है और न ही कोई मुनाफा। कई परिवार इस घोटाले के कारण आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। पीड़ितों ने परिवार को स्पष्ट चेतावनी भी दी कि अगर जल्द ही उनका पैसा नहीं लौटाया गया तो वे 15 दिनों के अंदर बड़े स्तर पर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि अब सहनशक्ति की सीमा समाप्त हो चुकी है और प्रशासन व पुलिस से भी उचित कार्रवाई की मांग की जा रही है।

### डबल मनी काण्ड, पुलिस अब तक नही पकड़ पाई सोमेन्द्र और उसके भाईयों को..

डबल मनी घोटाला बालाघाट जिले के लांजी और किरनापुर क्षेत्र में 2022 के आसपास सामने आया था। इसमें सोमेंद्र कांकरायने समेत कई आरोपियों पर लोगों से लाखों-करोड़ों रुपये जमा कर उन्हें दोगुना रिटर्न देने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप लगे थे। पुलिस ने उस समय बड़ी राशि बरामद की थी और कई गिरफ्तारियां भी हुई थीं, लेकिन कई पीड़ितों का आरोप है कि अभी भी उनकी रकम पूरी तरह वसूल नहीं हो पाई है। इस मामले में समय-समय पर पीड़ित ज्ञापन सौंपते रहे हैं और अदालती प्रक्रिया भी चल रही है। रविवार का यह प्रदर्शन घोटाले के लंबित मुद्दे को फिर से सुर्खियों में ला दिया है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने फिलहाल स्थिति को नियंत्रण में रखने का दावा किया है। पीड़ितों की मांग पर आगे क्या कार्रवाई होती है, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। वहीं निवेशकों का यह भी कहना है कि आखिर सोमेन्द्र कंकरायने कहा है और पुलिस उसको और उसके भाईयों को क्यों गिरफ्तार नही कर पा रही है। बडे बडे मामले सुलझाने का दावा करने वाली बालाघाट मध्यप्रदेश पुलिस से सोमेन्द्र कंकरायने कैसे बचते फिर रहा है या पुलिस सोमेन्द्र को गिरफ्तार ही नही करना चाहती यह भी सवाल निवेशकों ने बालाघाट पुलिस अधीक्षक से किया है।

# सराफा व्यापारी कपिल आसटकर के साथ मारपीट कर लूट की घटना

### गंभीर हालत में गोंदिया रिफर..

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी के आमगांव मार्ग पर 28 जून को एक बडी लूट की घटना सामने आई हैं जहां सराफा व्यापारी कपिल आसटकर को लगभग 7 से 8 लोगों ने मारपीट कर उसके पास रखे सोने चांदी के***



जेवरात से भरा बैग लूट कर ले जाया गया है। घटना के संबध में पीड़ित कपिल आसटकर ने जानकारी देते हुये उसके प्रतिष्ठान कामना ज्वेलर्स को 28 जून के रात्रि करीब 8 प्रतिष्ठान बंद करके घर जा रहा था। प्रतिदिन के अनुसार वह दुकान में रखे कीमती सोने एवं चांदी के जेवर दो थैलों में भरकर अपने घर ले जाता था जो कि 28 जून को भी इसी प्रकार घर जा रहा था जैसे अपने घर के पास अपने घर के लिये मुड़ ही रहा था तो तीन मोटर सायकलों में 7 से 8 लूटेरे आये और कपिल आसटकर सर पर डंडे से वार किया जिससे वह अपनी मोटर सायकल समेत गिर गया, लूटेरो ने मारपीट करते हुये गोली भी चलाना बताया गया है तथा कपिल आसटकर के पास रखे दोनो ही जेवरात से भरे थैलो को छिनकर लूटेरे फरार हो गये।

घटना की जानकारी लगते हुये कपिल आसटकर के परीचित जनों ने उसे अस्पताल लेकर पंहुचे तथा प्राथमिक उपचार करवाने के उपरांत गोंदिया रिफर किया गया। वहीं घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मुस्तैदी से घटना क्रम को जानकार फरार आरोपियों की तलाश में जूट चुकी है। बतादे कि लांजी में सराफा व्यापारी से लूट की यह पहली घटना सामने आई है जो कि लांजी कि पुलिस के लिये बड़ी चुनौती बनेगी।




# प्रतिस्पर्धा के युग में सही दिशा में करे तैयारी कैरियर मार्गदर्शन व परामर्श शिविर संपन्न..

जगप्रेरणा लांजी।

***विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण एवं सही करियर चयन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से आज मानव मंदिर, लांजी में करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।***





इस सम्मेलन में विभिन्न कक्षाओं के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपने पालकों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में करियर संबंधी जानकारी प्राप्त करने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता एवं प्रख्यात करियर मार्गदर्शक डॉ. साकेत कुमार किरमें ने विद्यार्थियों को 10वीं एवं 12वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकल्पों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विज्ञान (**PCM** एवं **PCB**), कॉमर्स, कला एवं कृषि संकायों में उपलब्ध प्रमुख पाठ्यक्रमों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, सिविल सेवा, रक्षा सेवाओं, बैंकिंग, कानून, शिक्षा, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन, होटल मैनेजमेंट, उद्यमिता तथा अन्य उभरते हुए करियर विकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. किरमें ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल पारंपरिक करियर विकल्पों तक सीमित रहने की आवश्यकता नहीं है। यदि विद्यार्थी अपनी रुचि, क्षमता एवं कौशल के अनुरूप सही दिशा में तैयारी करें, तो वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, नियमित अध्ययन, कौशल विकास तथा सकारात्मक सोच का महत्व भी समझाया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने करियर, प्रवेश परीक्षाओं, छात्रवृत्तियों, सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं तथा उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. साकेत कुमार किरमें ने सरल एवं प्रभावी ढंग से समाधान प्रस्तुत किया। अभिभावकों ने भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए इसकी सराहना की।

सम्मेलन के अंत में विद्यार्थियों से अपने जीवन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने तथा उसी दिशा में निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं पालकों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे करियर मार्गदर्शन कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु भूमि पूजन, मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***राजपूत युवा मंडल ग्राम पाला एवं ब्लॉक राजपूत क्षत्रिय सभा किरनापुर के संयुक्त तत्वावधान में 26 जून 2026 को ग्राम पाला में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा***






स्थापना हेतु विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली एवं मेधावी छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान किरनापुर ब्लॉक के कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। समाज के वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। साथ ही महाराणा प्रताप के जीवन से राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और त्याग की सीख लेने का आह्वान किया गया।छात्र,छात्राओं को ये इनाम जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार के सौजन्य से प्रदान किये गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह कछवाहा, अध्यक्ष जिला राजपूत क्षत्रिय सभा बालाघाट रहे। प्रमुख अतिथि के रूप में श्री राणा कल्याण सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में श्री रणजीत सिंह चौहान (पूर्व संचालक, अपेक्स बैंक मध्यप्रदेश), श्री बृजेन्द्र सिंह चौहान, श्री सुरेन्द्र सिंह चौहान, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, श्री नत्थू सिंह बैस तथा श्री सुशील सिंह चौहान, अध्यक्ष करणी सेना बालाघाट ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों में श्री दामोदर सिंह कछवाहा, अजय सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह चौहान, ललित सिंह राठौर, मनोज सिंह राठौर, टी.एस. तोमर, शैलेन्द्र सिंह चौहान, गौरव सिंह तोमर, श्रीमती सरिता गौतम, श्री सुरेन्द्र सिंह परिहार, श्री युगेन्द्र सिंह चौहान एवं श्रीमती शिवानी कछवाहा सहित विभिन्न गांवों से आए समाज के वरिष्ठजन एवं नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री झालेन्द्र सिंह चौहान, अध्यक्ष ब्लॉक राजपूत क्षत्रिय सभा किरनापुर ने किया। उन्होंने समाज को संगठित रखते हुए शिक्षा, संस्कार एवं सामाजिक एकता को मजबूत बनाने का संदेश दिया।

इस आयोजन को सफल बनाने में राजपूत युवा मंडल के प्रमोद सिंह बैस, भाग्यप्रताप सिंह चौहान, सचिन सिंह राणा (उपसरपंच), जतिश सिंह बैस, भाग्यप्रताप सिंह बैस, जयप्रकाश सिंह बैस, प्रियांश सिंह बैस, करम सिंह बैस तथा मनु सिंह तोमर सहित अनेक युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी अतिथियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए भविष्य में भी समाजहित के ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की बात कही।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना के इस अभियान को समाज के गौरव एवं नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए इसे ऐतिहासिक पहल बताया।

# प्रथम चरण में 12 हजार 325 बच्चों को पिलाई 2 बूंद जिंदगी की..

### कोई बच्चा छुटे नहीं, स्वास्थ विभाग की अपील..





जगप्रेरणा लांजी।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत विकासखंड लांजी में समस्त ग्रामो में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य सामाजिक संस्थाओ, जनप्रतिनिधियों ने बच्चो को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने के लिए बढचढ़ कर हिस्सा लिया जिसमे अभियान के प्रथम दिन 28 जून को 12 हजार 325 बच्चो को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। जिसमे बूथ स्तर पर 9516, घर घर भृमण कर 2548 एवं बस स्थानक एवं अन्य स्थानों पर 261 बच्चो ने दो बून्द जिंदगी की ग्रहण की। अधिक से अधिक बच्चो को दवा पिलाने के लिए लंजकाई माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, काली माता मंदिर, सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलो एवं विभिन्न शालाओ में कर्मचारियों द्वारा पोलियो ड्रॉप्स पिलाया गया, अभियान के दूसरे दिन भी छूटे हुए बच्चो को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएगी। ज्ञात हो की पोलियो एक गंभीर बीमारी है जो बच्चो में स्थाई विकलांगता का कारण बन सकती है बच्चो को इस बीमारी से बचाने के लिए प्रत्येक बच्चे को समय पर पोलियो वैक्सीन की खुराक देना अत्यंत आवश्यक है यदि किसी कारणवश क्षेत्र के किसी परिवार में 0 से 5 वर्ष आयुवर्ग के बच्चो ने पोलियो ड्रॉप्स नहीं ले पाए है तो वे स्वास्थ्य कर्मचारी, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर दो बून्द जिंदगी की पीला सकते है। लांजी विकासखण्ड में संपूर्ण अभियान जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप के मार्गदर्शन में तथा बीएमओ डॉ अक्षय उपराड़े के नेतृत्व मे आयोजित किया गया।

# ‘खेत बचाओ - धरती माता बचाओ’ अभियान का असर, लेंडेझरी के किसान ने अपनाई DSR पद्धति..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में कृषि विभाग द्वारा जल संरक्षण, खेती की लागत घटाने और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे ‘खेत बचाओ-धरती माता बचाओ’ अभियान का सकारात्मक परिणाम सामने***





आ रहा है। इसी क्रम में आज विकासखंड लालबर्रा के ग्राम लेंडेझरी में उन्नत तकनीक **DSR** (डायरेक्ट सीडेड राइस) यानी सीधी बुवाई पद्धति को बढ़ावा दिया गया।

### सुपर सीडर से धान की बुवाई

कृषि विभाग के प्रयासों से प्रेरित होकर ग्राम लेंडेझरी के उन्नतशील कृषक श्री इशूलाल चौहान ने अपने 04 एकड़ खेत में आधुनिक पद्धति से धान की बुवाई की है। आज श्री चौहान के खेतों में ‘सुपर सीडर मशीन’ के माध्यम से धान के बीज बोए गए। इस नवाचारी पहल से न केवल जल की बचत होगी, बल्कि खेती की लागत में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।

### आत्मा परियोजना के तहत प्रदर्शन..

इस बुवाई कार्य में तकनीकी सहयोग और प्रदर्शन पर विशेष ध्यान दिया गया। कृषक के कुल 4 एकड़ रकबे में से 2.5 एकड़ भूमि पर **WRI** प्रोजेक्ट’**(Water Resources Investigation)** के अंतर्गत ‘आत्मा’ **(ATMA)** विभाग द्वारा विशेष प्रदर्शन (डिमोंस्ट्रेशन) आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन का उद्देश्य क्षेत्र के अन्य किसानों को भी कम पानी और कम लागत में बेहतर पैदावार वाली आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक करना है।

### किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल..

उपसंचालक कृषि, श्री फूलसिंह मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में धान की परंपरागत रोपाई के स्थान पर **DSR** पद्धति को अपनाकर किसान पानी की भारी बचत कर सकते हैं। यह पद्धति मिट्टी की सेहत सुधारने और ‘धरती माता’ को रासायनिक प्रदूषण से बचाने में भी सहायक है। विभाग का प्रयास है कि अधिक से अधिक किसान इस तरह की मशीनीकृत और टिकाऊ खेती को अपनाएं ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। कृषि विभाग की इस मुहिम से लेंडेझरी के अन्य किसानों में भी उत्साह देखा जा रहा है और वे आने वाले समय में ऐसी ही आधुनिक तकनीकों के उपयोग के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# तीन साल से झुग्गी में जिंदगी, पीएम आवास अब भी सपना: परसवाड़ा के आदिवासी परिवार की बेबसी पर व्यवस्था से बड़े सवाल..







जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***सरकारें गरीब और बेघर परिवारों को पक्की छत देने के दावे करती हैं, योजनाओं की सफलता के आंकड़े गिनाए जाते हैं, लेकिन परसवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 14 में रहने वाला एक आदिवासी परिवार उन दावों की हकीकत पर सवाल खड़ा करता दिखाई देता है।***

तीन वर्षों से ग्राम पंचायत के चक्कर लगाने के बावजूद भूपेश उईके का परिवार आज भी कपड़ों और लकड़ियों से बनी अस्थायी झुग्गी में रहने को मजबूर है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब वास्तविक आवासविहीन परिवार ही योजना से वंचित हैं, तो आखिर पीएम आवास योजना का लाभ किन लोगों तक पहुंच रहा है?

भूपेश उईके अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ वर्षों से इसी झुग्गी में जीवन गुजार रहे हैं। गर्मी की तपिश हो, बारिश की मार हो या सर्द रातें– हर मौसम इस परिवार के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं है। झुग्गी के ऊपर तने कुछ कपड़े और लकड़ियों का सहारा ही इनके सिर की एकमात्र छत है।

सबसे मार्मिक तस्वीर तब सामने आती है जब भूपेश की बड़ी बेटी वर्षा उईके, जो रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परसवाड़ा में कक्षा 10वीं की छात्रा है, अपनी मजबूरी बयां करती है। वर्षा बताती है कि बारिश के दौरान पूरा परिवार एक पलंग पर सिमट जाता है और वह अपनी छोटी बहन के साथ उसी पलंग पर बैठकर पढ़ाई करने की कोशिश करती है। परिवार के पास बिजली का कनेक्शन तक नहीं है, इसलिए रात में पढ़ाई करना संभव नहीं हो पाता। जो भी पढ़ाई होती है, वह केवल दिन के उजाले में ही हो पाती है। भूपेश उईके की पत्नी का कहना है कि वह लगातार ग्राम पंचायत के चक्कर काट रही हैं। पंचायत द्वारा मांगे गए हर दस्तावेज देने को तैयार हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। पंचायत कर्मियों ने उन्हें आने वाली गर्मियों तक इंतजार करने की बात कही है, जबकि परिवार पिछले तीन वर्षों से इसी इंतजार में जीवन काट रहा है। वहीं भूपेश उईके का कहना है कि उन्होंने पिछले तीन वर्षो में कई बार आवेदन किए, ग्राम पंचायत के लगातार चक्कर लगाए, लेकिन आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया। उनका कहना है कि यदि वास्तव में गरीब और बेघर परिवारों को प्राथमिकता मिलती, तो उनका परिवार आज झुग्गी में रहने को मजबूर नहीं होता।

यह मामला ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। जब वार्ड क्रमांक 10 में रहने वाला एक वास्तविक आवासविहीन आदिवासी परिवार वर्षों से खुले आसमान के नीचे जिंदगी बिताने को मजबूर है, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का चयन किन आधारों पर किया गया? यदि परसवाड़ा क्षेत्र में हजारों लोगों को योजना का लाभ मिल चुका है, तो सबसे अधिक जरूरतमंद परिवार आज भी सूची से बाहर क्यों है?

सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच का यह विरोधाभास केवल एक परिवार की कहानी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का आईना है। जब दो स्कूली बच्चियां बिना बिजली, बिना सुरक्षित छत और अभावों के बीच अपने भविष्य के सपने संजो रही हों, तब यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की भी विफलता मानी जाएगी।

अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि इस परिवार की पीड़ा को कब तक नजरअंदाज करते हैं, या फिर तीन वर्षों से अधूरी पड़ी एक छत की आस आखिरकार पूरी होगी।

## सबसे बड़ा सवाल:

क्या प्रधानमंत्री आवास योजना के वास्तविक हकदार आज भी झुग्गियों में रहने को मजबूर रहेंगे, जबकि योजनाओं की सफलता के सरकारी दावे लगातार किए जाते रहेंगे?

# राजा भोज स्मारक भवन में वनपरिक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत को दी गई भावभीनी विदाई..

## शानदार रहा रेंजर सौरभ शरणागत का चार वर्ष का कार्यकाल





मामराज शरणागत, जगप्रेरणा बिरसा।

***स्थानीय राजा भोज स्मारक भवन, मरारी टोला में राजा भोज स्मारक समिति और पवार समाज सर्कल बिरसा के तत्वाधान में एक लघु सौजन्य बैठक और विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिरसा के वन परिक्षेत्र अधिकारी सम्माननीय सौरभ शरणागत***

के स्थानांतरण पर उनके सम्मान में आयोजित किया गया था। इस गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए स्वजातीय जनों और सामाजिक पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## कार्यकाल की जमकर हुई प्रशंसा

समारोह में उपस्थित समाज के वरिष्ठ जनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने अपने उद्बोधन में श्री शरणागत के कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि उनके 4 वर्ष के कार्यकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्य और समाज के विकास में उनकी अहम भूमिका हमेशा याद रखी जाएगी। उन्होंने शासकीय सेवा के साथ-साथ सामाजिक एकजुटता के लिए भी निरंतर प्रयास किए।

## विदाई की इस वेला पर भावुक हुए रेंजर

वन परिक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत ने अपने विदाई भाषण में कहा 'बिरसा क्षेत्र के समाज जनों से मुझे जो अगाध प्रेम और सहयोग मिला है, उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यहाँ बिताए गए 4 वर्ष मेरे जीवन के सबसे अमूल्य पल हैं। मैं शासकीय सेवा में चाहे जहाँ भी रहूँ, यदि समाज को कभी भी मेरी आवश्यकता पड़ती है, तो मैं आप सभी के बीच हमेशा तत्पर रहूँगा।'

भाषण के दौरान उनका गला प्रेम और भावुकता से भर आया। उन्होंने बड़े ही सरल भाव से कहा कि यदि उनके कार्यकाल के दौरान जाने-अनजाने में कोई भूल हुई हो, तो वे इसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। इसके बाद उन्होंने अपनी वाणी को विराम दिया।

## गणमान्य नागरिकों की रही उपस्थिति

इस यादगार और भावुक कर देने वाले पल में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और सम्मानीय जन उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से डेमनलाल रहांगडाले, निरपतलाल बघेल, देवलाल रहांगडाले, लाभ सिंह बिसेन, नरेंद्र रहांगडाले, राजेंद्र रहांगडाले, सुनील रहांगडाले, रमेश तुरकर, श्यामलाल रहांगडाले, धनीराम रहांगडाले, नेताम रहांगडाले, फूल सिंह ठाकरे, लोकराम रंगाहाडाले सहित पवार समाज सर्कल बिरसा के पदाधिकारी, राजा भोज स्मारक समिति के सदस्य एवं आसपास के विभिन्न ग्रामों से आए ग्रामीण और स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ।

## चांगोटोला समाज सेवी मुल्लाजी का निधन

# समाज को नई दिशा और शिक्षा के लिए हमेशा रहे प्रयासरत



जगप्रेरणा बालाघाट।

***चांगोटोला के समाज सेवी मुल्लाजी के नाम से प्रासिद्ध अब्दुल गफ्फार शाह हाजी साहब का निधन बीते कल शनिवार को लंबी बीमारी के चलते हो गया है। निधन की खबर लगते ही संपूर्ण चांगोटोला क्षेत्र में शोक की लहर छा गई।***

बीते शनिवार मगरिब की नमाज के बाद उनको स्थानीय कब्रिस्तान में ईस्लामिक रिती रिवाज से सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया वह अपने पीछे पूरा भरा परिवार छोड़कर गए हैं उनके परिवार में एक पुत्र अब्दुल सलाम शाह तथा 6 बेटियां हैं तथा नाती पोते से पूरा भरा परिवार हैं।

## चांगोटोला के प्रथम हाजी बनने का गौरव

छोटे से गांव चांगोटोला में 10-12 वर्ष पूर्व प्रथम हज यात्रा कर हाजी बनने का गौरव उन्हें प्राप्त हो चुका था उन्होंने अपने छोटे भाई नजीर शाह के साथ हज यात्रा कर छोटे से गांव का गौरव बढ़ाया था हिंदू मुस्लिम सभी क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी थी तथा समरसता का अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया गया था। 80 के दशक से लेकर 2010 तक मुल्लाजी के द्वारा समाज के सदर के रूप में उनका योगदान अविस्मरणीय है पूरे समाज को एकता के सूत्र में बांधते हुए उन्होंने बड़ी-बड़ी समस्याओं का समाधान अपनी दहलीज पर कर दिया था। बरगी डेम से विस्थापित परिवार के रूप में 80 के दशक में चांगोटोला में नए सिरे से जीवन की शुरूआत करते हुए संपूर्ण मुस्लिम समाज को नई दिशा देने के साथ साथ युवा पीढ़ी को शिक्षा के लिए हमेशा प्रेरित करते रहें। 40 वर्षो के दौरान चांगोटोला से मुस्लिम समाज की ओर से आपके द्वारा राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण करने का गौरव भी प्राप्त हैं। तत्कालीन ग्राम प्रधान सुनील वैद्य के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आपसे ध्वजरोहण करवाया गया।

सभी समाजों से प्रेम व्यवहार, मधुर व्यवहार की चर्चा हमेशा बनी रही। सभी धर्मो का आदर आपकी कार्यप्रणाली में देखने मिलता हैं। किन्तु पेरेलिसिस की बीमारी के चलते लंबे समय तक आप अस्वस्थ्य रहें, अस्वस्थ्य होने के दौरान भी संपूर्ण क्षेत्र के द्वारा आपसे मेल मुलाकात बनी रही। बीमारी के दौरान आपके पुत्र अब्दुल सलाम के द्वारा पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पितृसेवा का अनूठा उदाहरण समाज में प्रस्तुत किया गया, संपूर्ण समाज में चर्चा का विषय हैं कि पुत्र के द्वारा अच्छी सेवा की गई। चांगोटोला निवासी अब्दुल सलाम शाह, कैफे सचांलक हैं, इंटरनेट के माध्यम से गांव की सेवा करते हैं, तथा पूर्व में ग्राम पंचायत चांगोटोला के कार्यकारी सरपंच रह चुके हैं।

## बोले परसवाड़ा विधायक मधु भगत..

चांगोटोला ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मुल्लाजी धार्मिक प्रवृत्ति के निष्ठावान और समरसता के उदाहरण थे, उनके निधन से शाह परिवार की नहीं अपितु संपूर्ण समाज की अपूर्णयीय क्षति हैं, मैं ईश्वर से कामना करता हूं परमपिता परेश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

## बोले चांगोटोला सरपंच प्रमोद ठाकरे..

मुल्लाजी चच्चा हमारे चांगोटोला ग्राम के गौरव थे, वो हमारे मार्गदर्शक थे उनके निधन से संपूर्ण चांगोटोला शोकाकुल हैं।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का नगर प्रशिक्षण वर्ग हुआ संपन्न..

## सत्र 2026-2027 की नगर कार्यकारिणी हुई घोषित, नगर अध्यक्ष डॉ. राजेश नाथ चंदेल बने और नगर मंत्री बने श्री यानीश एड़े





जगप्रेरणा लामटा।

***अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, लामटा नगर इकाई का प्रशिक्षण वर्ग बालाघाट नगर जैन भवन परिसर में अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन के नवीन कार्यकर्ताओं को दायित्व-बोध और संगठन-कार्यपद्धति से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।***

प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत शुभारंभ ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती एवं युवा शक्ति के प्रेरणापुरुष स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन के साथ किया गया। इस शुभ अवसर पर संगठन की परंपरा के अनुरूप वंदे मातरम् एवं सरस्वती वंदना के उद्घोष के साथ वातावरण को ओजपूर्ण बनाया गया।

नगर प्रशिक्षण वर्ग में विद्यार्थी परिषद के नगर के कुल 39 समर्पित कार्यकर्ता सहभागी हुए। यह कार्यकर्ताओं की उत्साहजनक उपस्थिति संगठन की जमीनी सक्रियता और नगर इकाई की मजबूती को प्रदर्शित करती है।

यह प्रशिक्षण वर्ग कुल 3 सत्रों में सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया गया। प्रथम एवं द्वितीय सत्र में कार्यपद्धति एवं दायित्व-बोध विषय पर जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मूलभूत कार्यशैली, अनुशासन एवं सामूहिक उत्तरदायित्व के महत्त्व से परिचित कराया। तृतीय सत्र में कार्यकर्ता व्यवहार एवं परिसर कार्य विषय पर जिला संगठन मंत्री राहुल विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं को परिसर में छात्रहित के कार्यों, छात्र-संवाद की कला एवं संगठन की आचारपद्धति पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया।

उद्घाटन एवं प्रास्ताविक सत्र में जिला संगठन मंत्री राहुल विश्वकर्मा एवं जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन के ध्येय वाक्य ज्ञान, शील और एकता की भावना से प्रेरित करते हुए व्यक्ति-निर्माण से राष्ट्र-निर्माण के संकल्प को दोहराया।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, अपितु यह राष्ट्रीय चरित्र-निर्माण का एक आंदोलन है और इसके प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह समाज में संस्कार और सेवा का संदेश लेकर चले।

प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम सत्र में निर्वाचित उपाध्यक्ष प्रवेश यादव ने सत्र 2026-27 की नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा की तथा समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संगठन के प्रति समर्पण और छात्रहित की सेवा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सत्र 2026-27 की नगर कार्यकारिणी में नगर मंत्री बने यानीश एड़े, डॉ.राजेश नाथ चंदेल बने , उपाध्यक्ष प्रवेश यादव, उपाध्याक्ष राज देशमुख,नगर सह मंत्री दुर्गेश टेंभरे,नगर सह मंत्री अमित धामड़े , नगर सह मंत्री सुधीर पंचेश्वर ,नगर सह मंत्री :- योगेश बिसेन, नगर खेलो भारत प्रमुख - प्रतीक चौधरी, नगर खेलो सह भारत प्रमुख अंकित उइके, नगर रु.स्न.ष्ठ प्रमुख अनमोल भलावी नगर **S.F.D.** नगर सह प्रमुख : - राकेश उइके , नगर **S.F.S** प्रमुख शिवम गुप्ता , नगर सह **S.F.D** प्रमुख यश कोचर , नगर **N.S.S.** प्रमुख :- श्रेया राठौर , नगर **N.S.S.** सह प्रमुख योगेश मडावी, नगर **N.S.S.** सह प्रमुख विकास बिसेन, नगर सोशल मीडिया ओम प्रकाश सहारे नगर सोशल मीडिया नगर सह नवीन राहांगडाले , नगर विद्यालय प्रमुख मनीष दमाहे, नगर विधालय सह प्रमुख यश सहारे नगर विद्यालय सह प्रमुख :- दीपेश दमाहे, नगर राष्ट्रीय कला श्रति राठौर, नगर राष्ट्रीय कला सह प्रमुख महेश्वरी सोनवाने, नगर राष्ट्रीय कला सह प्रमुख दिव्या नागपुरे, नगर कार्यकारिणी सदस्य मोहित बिसेन, नगर कार्यकारिणी सदस्य यश पारधी, वारिस चौहान, मनीष देमाहे, रोहन उइके, अजय, सुमीत, समीर, यह सभी कार्यकारिणी में है।

# मजदूरी से उद्यमिता तक का सफर: सिलाई और साड़ी के व्यापार से आत्मनिर्भर बनीं ग्राम बघोली की छमेश्वरी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कहते हैं कि हौसलों की उड़ान अगर सही दिशा में हो, तो मंजिल खुद-ब-खुद पास चली आती है। लालबर्रा विकासखंड के ग्राम बघोली की रहने वाली श्रीमती छमेश्वरी ठाकरे ने इसे सच कर दिखाया है।***

कभी दूसरों के खेतों में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाली छमेश्वरी आज न केवल खुद आत्मनिर्भर हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा की एक मिसाल बन गई हैं।

## आजीविका मिशन से जुड़ी जीवन की नई राह

श्रीमती ठाकरे का जीवन तब बदला जब वे वर्ष 2016 में 'सत्यसाई आजीविका स्वयं सहायता समूह' से जुड़ीं। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एमपीएसआरएलएम) ने उन्हें न केवल एक पहचान दी, बल्कि नियमित बचत, बैंकिंग और उद्यमशीलता का हुनर भी सिखाया। समूह के अनुशासन और प्रशिक्षण ने उनमें वह आत्मविश्वास भरा, जिसने उनके सपनों को पंख दे दिए।

## शून्य से शुरू किया सफर, आज खड़ा किया सफल व्यापार

शुरुआत में छमेश्वरी ने घर से ही सिलाई का छोटा सा काम शुरू किया। मेहनत रंग लाई तो उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मिशन से प्राप्त वित्तीय सहायता (सीआईएफ, सीसीएल एवं एसवीईपी योजनाओं) का उपयोग कर उन्होंने न केवल अपनी सिलाई यूनिट का विस्तार किया, बल्कि लालबर्रा में अपना सिलाई सेंटर खोल लिया। ग्राहकों की बढ़ती मांग और अपनी सूझबूझ से उन्होंने साड़ी का व्यवसाय भी शुरू किया, जो आज उनकी आय का प्रमुख जरिया बन गया है।

## आत्मनिर्भरता ने बदली तकदीर

कभी आर्थिक तंगी और मजदूरी पर निर्भर रहने वाला छमेश्वरी का परिवार आज स्वाभिमान के साथ जीवन जी रहा है। व्यवसाय से होने वाली आय से उन्होंने न केवल अपने ऋणों को समय पर चुकाया, बल्कि अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा भी प्रदान कर रही हैं। उनके घर की सुख-सुविधाएं बढ़ी हैं और समाज में उनकी एक अलग पहचान बनी है।

## दूसरों के लिए बनीं प्रेरणा

छमेश्वरी अब केवल अपनी उन्नति तक सीमित नहीं हैं। वह अपने क्षेत्र की अन्य ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुड़ने और स्वरोजगार अपनाने के लिए लगातार प्रेरित कर रही हैं। वे मानती हैं कि ÷मिशन ने मुझे केवल आर्थिक संबल ही नहीं दिया, बल्कि मुझे एक सफल उद्यमी के रूप में नई पहचान और नेतृत्व क्षमता भी दी है।÷

आज छमेश्वरी ठाकरे की यह सफलता बताती है कि सही मार्गदर्शन और दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तो ग्रामीण परिवेश की महिलाएं भी किसी बड़े उद्यमी से कम नहीं होतीं।

उनकी कहानी हर उस महिला के लिए उम्मीद की एक किरण है जो अपनी मेहनत से अपनी किस्मत बदलना चाहती है।



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# माटी का ऋण चुकाने के लिए सतत प्रयासरत पुलिस निरीक्षक







## ग्रामीण युवाओं का भविष्य संवारने की पहल..

## सामाजिक समन्वय से समस्याओं का समाधान..

प्रा राकेश रोकडे जगप्रेरणा सालेकसा।

पुलिस और पुलिस अधिकारी का कार्य सामान्यतः कानून-व्यवस्था बनाए रखना, अपराधों की जांच करना, आरोपियों को पकड़ना और उन्हें सजा दिलाने तक सीमित माना जाता है। लेकिन जिले की मिट्टी में जन्मे सालेकसा के पुलिस निरीक्षक भूषण बुराडे इन जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए उससे आगे बढ़कर अपनी जन्मभूमि का ऋण चुकाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

वर्ष 2023 में भूषण बुराडे ने सालेकसा पुलिस स्टेशन में थाना प्रभारी के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने देखा कि सालेकसा तहसील में शारीरिक और बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण युवा तो हैं, लेकिन हीन भावना और उचित मार्गदर्शन के अभाव में बड़ी संख्या में बेरोजगार हैं। इस क्षेत्र से अब तक कोई बड़ा अधिकारी नहीं बना था, इसलिए उन्होंने युवाओं को प्रेरित करने वाले कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया।

वे तहसील के लगभग प्रत्येक विद्यालय और महाविद्यालय में आयोजित स्नेह सम्मेलनों तथा मार्गदर्शन कार्यक्रमों में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को करियर संबंधी मार्गदर्शन देते हैं और अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए क्या करना चाहिए, इसे सरल भाषा में समझाते हैं। उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों के बीच वर्दी का रौब दिखाने के बजाय एक हितैषी और मार्गदर्शक की भूमिका को अधिक महत्व दिया।

वर्ष 2025 में सालेकसा के सचिन गुणवंत बिसेन आईएएस बनने वाले तहसील के पहले युवक बने। अन्य युवाओं को प्रेरणा मिले, इसके लिए थाना प्रभारी भूषण बुराडे ने स्वयं पहल करते हुए सचिन बिसेन की अश्व रथ पर भव्य शोभायात्रा निकाली। ढोल-ताशों के साथ पूरे शहर में जुलूस निकाला गया तथा मुख्य चौक पर सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में उनके माता-पिता सहित सार्वजनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसका सकारात्मक प्रभाव युवाओं और अभिभावकों पर पड़ा।

युवाओं की बढ़ती रुचि को देखते हुए भूषण बुराडे ने रानमेवा पार्क में स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से भर्ती पूर्व प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया, जिसे उत्साहजनक प्रतिसाद मिला। मात्र छह महीनों में 25 युवक-युवतियों का चयन सेना और पुलिस विभाग में हुआ।

उनका मानना है कि उनकी मिट्टी के अधिक से अधिक बच्चे शासकीय और प्रशासनिक सेवाओं में जाएं, ताकि उनके जीवन में बदलाव आए और उनके माध्यम से परिवार, गांव तथा समाज का भी विकास हो। इसी उद्देश्य से वे अपनी जन्मभूमि का ऋ्रण चुकाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

उन्होंने संकल्प व्यक्त किया है कि भविष्य में तहसील से आईएएस और आईपीएस अधिकारी तैयार करने के लिए प्रतिवर्ष कम से कम 25 युवक-युवतियों को मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे ग्रामीण युवाओं को बेहतर करियर के अवसर मिल सकें और बेरोजगारी कम हो सके।

### वर्दी की नौकरी क्यों चुनी?

भूषण बुराडे की प्रारंभिक शिक्षा गांव के जिला परिषद विद्यालय में हुई। महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान कुछ अलग करने की इच्छा से वे एनसीसी से जुड़े। खाकी वर्दी में अनुशासित जीवन उन्हें पसंद आया और सेना में अधिकारी बनने का सपना जागृत हुआ।

उन्होंने कंप्यूटर साइंस में स्नातक की शिक्षा पूरी की और बाद में एमसीए करने के लिए पुणे गए, जहां उनके ज्ञान में और वृद्धि हुई। वर्ष 2009 में उन्हें एक साथ तीन अलग-अलग क्षेत्रों में नौकरी के अवसर मिले, जिनमें से उन्होंने पुलिस उपनिरीक्षक (पीएसआई) की नौकरी को चुना। वर्ष 2021 में उन्हें पुलिस निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली और वर्ष 2023 में पहली बार सालेकसा में थाना प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई।

कर्तव्य पालन के साथ-साथ वे अपनी मिट्टी का ऋण चुकाने और ग्रामीण युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

### सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के प्रयास..

भूषण बुराडे वर्दी का रौब दिखाकर काम करने के बजाय अपने सहयोगियों को साथ लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग से समन्वय स्थापित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष बल देते हैं। प्रत्येक राष्ट्रीय एवं धार्मिक पर्व से पूर्व वे सभी धर्मों और वर्गों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, वकीलों, डॉक्टरों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ शांति समिति एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित करते हैं। लोगों से प्राप्त सुझावों और संभावित अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए सूक्ष्म योजना और पूर्व तैयारी के कारण पिछले तीन वर्षों में कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई।

अपनी सूक्ष्म निरीक्षण क्षमता और तत्परता के बल पर उन्होंने पिपरिया हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उत्कृष्ट अपराध अनुसंधान के लिए उन्हें मुंबई में पुलिस महानिदेशक के हाथों सम्मानित किया गया।



### बोले पुलिस निरीक्षक भूषण बुराडे..

'मुझे जो पद प्राप्त हुआ है, उसमें मेरी मिट्टी और यहां के लोगों का भी योगदान है। इसलिए अपनी जन्मभूमि का ऋण चुकाने के लिए मैं सदैव तत्पर हूं और ऐसा करने का संतोष मुझे हमेशा मिलता रहेगा।'

# हक के लिए एल्गार, पहचान के लिए महासंगम! 29 जून को साकोली में कोहली समाज की बड़ी एकता..

## 'भीख नहीं, हक चाहिए!'... 'पहले समाज... फिर पार्टी!' नारों से गूंजेगा साकोली; गोंदिया जिले के समाजबांधव से अपील है कि वे अपने परिवार के साथ आएं

जगप्रेरणा आमगांव।

*सोमवार, 29 जून, 2026 को साकोली में एक बड़ी समाज मेळावा हो रही है, जो कोहली समाज के हक की एक बुलंद आवाज होगी,समाज की पहचान की एक आत्म-सम्मान वाली जागृति होगी और एकता का एक अनोखा नज़ारा होगा, और पूरे विदर्भ में कोहली*

समाज इस ऐतिहासिक पल की गवाह बनेगी। सेंट्रल कोहली कम्युनिटी डेवलपमेंट बोर्ड, नागपुर और कोहली पाटिल संघर्ष मंच द्वारा मिलकर आयोजित इस बड़ी मेळावे ने समाज में एक नई भावना पैदा की है, और समाजबांधव यह महसूस कर रहे हैं कि हक, एकता और विकास का एक नया दौर शुरू होगा। आज, समाज के सामने आने वाले अलग-अलग मुद्दों को सुलझाने के लिए संगठित ताकत की ज़रूरत ज़्यादा महसूस हो रही है। इस पार्श्वभूमी में, 'भीख नहीं, हक चाहिए... कोहली समाज की बस यही मांग!' और 'पहले समाज... फिर पार्टी!' जैसे स्वाभिमानी नारों के ज़रिए समाज को एक साथ लाने का पक्का इरादा इस सभा के ज़रिए ज़ाहिर किया जाएगा। समाज में मतभेद भुलाकर समाज की भलाई के लिए एक साथ खड़े होने का मैसेज इस सभा के ज़रिए दिया जाएगा, और चर्चा है कि यह सभा कोहली समाज के इतिहास में एक अहम मील का पत्थर साबित होगी।

भंडारा-गोंदिया, चिमूर-गढ़चिरौली लोकसभा सीट के साथ-साथ साकोली, तुमसर, अर्जुनी मोरगांव, चिमूर, यज्ञ ब्रह्मपुरी, बल्लारपुर और आरमोरी विधानसभा सीटों से हज़ारों समाजबांधव, महिलाएं, युवा, छात्र और वरिष्ठ नागरिक इस सभा में हिस्सा लेंगे समाज के सर्वांगिण विकास के लिए शिक्षा, सामाजिक, आर्थिक और राजकुय मुद्दों पर पूरी तरह से सोचा-समझा जाएगा, और युवाओं नेत्रुत्व की मुख्य प्रवाह में लाने, महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने, समाज के लंबित मुद्दों पर असरदार भुमिका लेने और समाज की भलाई के लिए एक साथ दिशा तय करने पर खास ज़ोर दिया जाएगा। 'कोहली पाटिल जागो... एकता, संगठन और विकास!' के मुख्य संदेश के साथ आयोजित इस सभा में समाज के भविष्य के बारे में अहम फैसले लिए जाने की उम्मीद है। अलग-अलग क्षेत्रों के जाने-माने लोगों, विचारकों और सामाजिक नेताओं के मार्गदर्शन में, आने वाली पीढ़ी के लिए एक काबिल, अच्छी तरह से संगठित और स्वाभिमानी समाज बनाने का संकल्प लिया जाएगा।

सभा की सफलता के लिए, सेंट्रल कोहली समाज विकास मंडल, नागपुर, कोहली पाटिल संघर्ष मंच और सभी कोहली पाटिल समुदाय के सदस्यों ने एक बड़ा जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। आयोजकों ने एक भावनात्मक अपील की है कि सभी कोहली समाज के सदस्य, खासकर गोंदिया जिले के लोग, अपने परिवारों के साथ बड़ी संख्या में शामिल हों और समाज की एकता को मजबूत करें, अपने अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करें और आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए इस ऐतिहासिक सभा के गवाह बनें। ऐसा माना जा रहा है कि यह सभा, जो सामुदायिक एकता, स्वाभिमान और तरक्की का एक नया इतिहास बनाएगी, विदर्भ के कोहली समुदाय के लिए प्रेरणा देने वाली होगी।

## टिप्पर की चपेट मे आने से मोटर सायकल चालक की मौत पिछे बैठे 2 व्यक्ति घायल मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

**गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/ 6/ 2026 के 10 बजे के दरम्यान काचेवानी गाव के पास महेश तुलसीराम सोनवाने निवासी नवरगाव अपने दो लोगो के साथ मोटरसायकल से जा रहे थे। जाते समय टिप्पर चालक ने मोटरसायकल को ठोस मारी जिसमे महेश तुळशीराम सोनवाने की मौत हो गई और अन्य 2 जख्मी को गोंदिया उपचार के लिये ले गये। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे तिरोडा मे टिप्पर क्रमांक एम एच 40 बी एल 7223 चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 628/2026 धारा 281,125, अ, ब,106,1, भारतीय न्याय संहिता सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच मपोऊपनी प्रियंका बैस पोस्टे तिरोडा कर रहे है।**

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### खडे ट्रेलर वाहन से टकराये मोटर सायकल चालक की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/ 6/ 2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान सरांडी मे ट्रेलर क्रमांक एम एच 40 सीडी 3672 के चालक ने अपना वाहन रोड पर खडा किया जिसमे पार्किंग लाईट भी बंद थी। उसकी वजह से मोटर सायकल चालक अमोल गणपत वाटकर उम्र 25 वर्ष निवासी मोहाडी की गाडी ट्रेलर से टकराई गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 629/2026 धारा 285,106,1, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी विजय मसराम पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से मोटरसायकल चालक की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत ॲक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/ 6/ 2026 के 1 बजे के दरम्यान भागवतटोला मे इतराज जैयपाल कोकुडे उम्र 65 वर्ष निवासी धामनेवाडा अपनी मोटरसायकल से गोंदिया किराना सामान लेने आ रहे थे। आते समय रास्ते मे किसी अज्ञात वाहनचालक ने मोटरसायकल को ठोस मारी चालक गंभीर जख्मी होने से उनकी मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 405/2026 धारा 281,106,1, भान्यास 2023 सहकलम 184,134, अ, ब, मोवाका 1988 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच मपोऊपनी 1719 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

# 28 जून 2026 को, नेशनल पल्स पोलियो वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन



जगप्रेरणा सालेकसा।

*28 जून 2026 को, नेशनल पल्स पोलियो वैक्सीनेशन कैंपेन के तहत, प्राइमरी हेल्थ सेंटर गोर्रे और सब-सेंटर आमगांव खुर्द की मिली-जुली पहल*

पर सालेकसा रेलवे स्टेशन के बूथ नंबर 22 पर छोटे बच्चों को पोलियो की डोज़ दी गई। सालेकसा के सोशल वर्कर ब्रजभूषण बैस ने बच्चों को पोलियो की डोज़ दी। कैंपेन की शुरुआत बच्चों शिवांश येडे, सान्वी येडे और रिद्धि येडे को पोलियो की डोज़ देकर हुई। आशा सेविका श्रीमती मंजू सुरेश मेंढे, हेल्थ सेविका श्रीमती अलका उइके, हेल्पर श्रीमती शीला कांबले ने पोलियो वैक्सीनेशन को सफ्लतापूर्वक पूरा करने के लिए बहुत मेहनत की। तालुका हेल्थ ऑफिसर सालेकसा, प्राइमरी हेल्थ सेंटर गोर्रे और सब-सेंटर आमगांव खुर्द सभी नागरिकों को पोलियो-फ्री इंडिया के कॉन्सेप्ट को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए जागरूकता के साथ अपने छोटे बच्चों को पोलियो की डोज़ देने के लिए चैलेंज कर रहे हैं। सभी नागरिकों को अपने छोटे बच्चों को जागरूकता के साथ पोलियो की खुराक देने के लिए एक सार्वजनिक आवाहन किया।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



दो बुंद जिंदगी के..

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का उद्घाटन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनगांव जिल्हा परिषद सदस्य छबुताई ऊके छायाताई नागपुरे, वैद्यकीय अधिकारी डॉ. भूमेश्वर पटले, शंकर नागपुरे, साखरे, प्रतिमा मेश्राम, मुनेश्वर, मानकर, डॉ. गोकुल बिसेन, लता टेभुर्णिकर, राहुल बाम्बोडे, गायत्री शिवंकर और जशोदा गायधने ने किया इस अवसर पर 0-5 वर्ष के आयु के बच्चो को पल्स पोलिओ की खुराक पिलाई गई।

# गोंदिया मे थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप का हुआ शानदार आयोजन..



## गोंदिया टीम ने जीता खिताब, आमगांव उपविजेता; पदक विजेताओं का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन..

जगप्रेरणा आमगांव।

*महाराष्ट्र थाई बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में तथा गोंदिया जिला थाई बॉक्सिंग संघ के आयोजन में जिला स्तरीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन श्रेया लॉन, टी.बी. टोली, गोंदिया में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में गोंदिया,*

आमगांव तिरोड़ा सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 140 खिलाड़ियों ने सहभागिता दर्ज कर खेल कौशल, अनुशासन और जुझारूपन का शानदार प्रदर्शन किया।

### राज्य और स्थानीय प्रशासन..

फ़िल्म सूचियां और थिएटर शो का समय प्रतियोगिता का आयोजन गोंदिया जिला थाई बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी राजू पी. चौरागड़े ने मुख्य आयोजक के रूप में सफलतापूर्वक निभाई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में लिओज चौरागड़े, अभय तुरकर, श्रुति गणवीर, कैटरीना दत्ता, शुभ ठाकुर, तन्मय पटले, अंश शेंडे एवं राशि पटले ने महत्वपूर्ण योगदान देते हुए रेफरी एवं तकनीकी व्यवस्थाओं का कुशल संचालन किया।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में सचिन भाऊ शेंडे (नगराध्यक्ष), पंकज यादव (शिवसेना जिला प्रमुख), साहू मैडम (डायरेक्टर, संत आश्रम बापू स्कूल) तथा पंकज सर (संचालक सदस्य) उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का ही नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और आत्मविश्वास का भी निर्माण करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास और समर्पण के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अद्भुत तकनीक, साहस और खेल भावना का परिचय दिया। हर वर्ग में हुए मुकाबले दर्शकों के लिए रोमांच और उत्साह से भरपूर रहे। खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन ने यह सिद्ध कर दिया कि जिले में थाई बॉक्सिंग खेल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और नई प्रतिभाएं लगातार उभर रही हैं।

### गोंदिया बना चैंपियन, आमगांव रहा उपविजेता..

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोंदिया टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर जिला चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि आमगांव टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपविजेता बनने का मान हासिल किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्यस्तरीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए किया गया है। यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 25 एवं 26 जुलाई 2026 को छत्रपति संभाजीनगर में आयोजित होगी। चयनित खिलाड़ी अब जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

जिला स्तरीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप ने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया, बल्कि युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी किया। आयोजन की सफलता ने जिले में थाई बॉक्सिंग खेल के बढ़ते प्रभाव और खिलाड़ियों की उभरती संभावनाओं को नई पहचान दिलाई है।

# गोंदिया के लिए गौरव का क्षण..

## चीन में होने वाली वर्ल्ड वॉलीबॉल चैंपियनशिप में जावेद खान पठान संभालेंगे असिस्टेंट कोच की जिम्मेदारी

जगप्रेरणा गोंदिया।

*इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा चीन 1 से 10 जुलाई 2026 में आयोजित होने वाली 'वर्ल्ड वॉलीबॉल चैंपियनशिप' में गोंदिया जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकने*

जा रहा है। गोंदिया पुलिस दल के होनहार वॉलीबॉल खिलाड़ी जावेद खान पठान को इस प्रतिष्ठित वैश्विक स्पर्धा के लिए भारतीय टीम ( 18) का असिस्टेंट कोच (सहायक कोच) नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल गोंदिया पुलिस विभाग बल्कि पूरे जिले का मान दुनिया भर में बढ़ा है।

जावेद खान पठान खेल जगत में एक जाना-माना नाम हैं और उनके व्यापक अनुभव को देखते हुए उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। चीन में होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में वे भारतीय खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते नजर आएंगे।



### गोंदिया के खेल प्रेमियों में भारी उत्साह..

जैसे ही जावेद खान पठान की इस अंतराष्ट्रीय नियुक्ति की खबर सामने आई, पूरे गोंदिया शहर के खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों और स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह और जश्न का माहौल है। गोंदिया के खेल प्रेमियों का कहना है कि यह गोंदिया के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय है, जो स्थानीय युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

गोंदिया पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, खेल संगठनों और गणमान्य नागरिकों ने जावेद खान पठान को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है और चीन में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।







जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा

● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली






### पुरे महाराष्ट्र प्रदेश को पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और भक्ति संदेश देने

# 01 जुलाई को गोंदिया से साईकिल से पंढरपुर के लिये रवाना होंगे न. परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे..

### महाराष्ट्र के राजनीतिक इतिहास में पहली बार चलायेगा कोई नगर परिषद अध्यक्ष 872 कि.मी. साईकिल..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया नगर की राजनीति में एक पार्षद के रुप में कार्य करते हुए गंभीर आरोपों में सचिन शेंडे को घेर लिया गया था, लेकिन उनकी जनसेवाओं का दम था कि उनके प्रति लोगों का विश्वास अडिग रहा और सचिन शेंडे नगर परिषद के अध्यक्ष जनता द्वारा निर्वाचित हुए। नगर परिषद अध्यक्ष बनने के बाद जनता दरबार के*

माध्यम से तो वहीं निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ ही रात और दिन नगर की जनता के बीच जनसेवाओं को अंजाम देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे निरंतर सक्रिय है। अध्यक्ष बनने के बाद हर दिन सक्रिय नजर आने वाले सचिन शेंडे यूवा हैं, और युवा होने के नाते उनके कार्यों में युवा जोश भी अलग दिखाई दे रहा है, जबकि अपने इसी जोश को और बढ़ाते हुए तथा नगर परिषद की जनता के साथ ही पुरे महाराष्ट्र प्रदेश को पर्यावरण संरक्षण और बेहतर स्वास्थ्य के लिये संदेश देने के लिये नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे गोंदिया से अपने कुछ साथियों के साथ साईकिल चलाते हुए पंढरपुर की यात्रा पर रवाना 01 जुलाई को रवाना होंगे और पुरे प्रदेश की जनता को पर्यावरण संरक्षण और बेहतर स्वास्थ्य के लिये साईकिल चलाने का संदेश देंगे, तो वहीं प्रत्येक व्यक्ति से जीवन में भक्तिभाव से जुड़े रहने का आहवान भी करेंगे।

**गौरतलब है कि महाराष्ट्र प्रदेश में गोंदिया से साईकिल से पंढरपुर तक की साईकिल यात्रा करने वाले सचिन शेंडे राज्य में ऐसे प्रथम जननेता होंगे, जो कि इस तरह का सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं।**

#### विट्ठल रुक्मणी से करेंगे किसानों की समृद्धि और अच्छी बारिश की प्रार्थना..

सचिन शेंडे ने साईकिल से पंढ़रपुर की यात्रा के पूर्व गोंदिया के साईकिल संडे ग्रुप के साथ जुड़कर नियमित साईकिल भी चलाते हैं। इसी क्रम मं आज 28 जून को साईकिल संडे ग्रुप के साथ साईकिल चलाते हुए सचिन शेंडे ने बताया कि गोंदिया से साईकिल से 872 कि.मी. की लगभग यात्रा वे पंढरपुर तक करेंगे, और पंढरपुर में विट्ठल रुक्मणी मंदिर में दर्शन के साथ देश में किसानों की समृद्धि और अच्छी बारिश की प्रार्थना करेंगे, इसी के साथ वे अपने नगर के सर्वांगीण विकास की भी प्रार्थना करेंगे।

#### युवाओं से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आह्वान

सचिन शेंडे ने आगे कहा कि उनकी साइकिल वारी केवल एक यात्रा नहीं बल्कि आत्म-अनुशासन, संयम, दृढ़ता और श्रद्धा का संगम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस तरह के उपक्रमों से प्रेरणा लेकर स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। यातायात के लिए जहाँ तक संभव हो साइकिल का उपयोग करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

#### सामाजिक और आध्यात्मिक संदेश..

सचिन शेंडे ने आगे कहा कि वारकरी संप्रदाय की परंपरा महाराष्ट्र के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का प्रतीक है। संत ज्ञानेश्वर महाराज, संत तुकाराम महाराज और अन्य संतों द्वारा दिया गया समानता, बंधुत्व, सेवा और मानवता का संदेश आज भी समाज को प्रेरित करता है। उन्हीं विचारों को आगे बढ़ाते हुए हम साईकिल से यात्रा पर निकल रहे हैं, हमें विश्वास है कि इससे बहुत अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

# पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने की केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात..

### आगामी 25 जनवरी 2027 से गोंदिया में आयोजित भव्य शिव महापुराण हेतु दिया आमंत्रण..

### गोंदिया के विकास के अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा..

### कथा स्थल के समीप 4 करोड़ रुपए लागत के नाला निर्माण को दी मंजूरी..





जगप्रेरणा गोंदिया।

*पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आगामी 25 से 31 जनवरी 2027 तक राष्ट्रीय संत परम् पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा की भव्य शिव महापुराण का आयोजन स्थानीय*

मोदी मैदान (रिंग रोड़ टी पाइंट के पास) में किया जा रहा है। इस कथा में राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, केन्द्रिय मंत्री नितिन गड़करी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सहित अनेक मंत्रियों, सांसदों, विधायकों के सम्मिलित होने की सूचना प्राप्त हुई है।

इसी संदर्भ में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल नें केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से भेंट कर उन्हें सपरिवार कथा का आमंत्रण सौंपा जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए गड़करी ने कथा में आने की सहमति प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने नितिन गड़करी को कथा स्थल के समीप पानी के सुगम आवागमन हेतु नाला निर्माण का आग्रह किया और जिसके निर्माण पर अनुमानित 4 करोड़ रुपये लागत आने की जानकारी दी। गड़करी ने इस नाला निर्माण को तुरन्त मंजूरी प्रदान की है जिससे जल्द ही नाला निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है, यह विशेष उल्लेखनीय है। इसी चर्चा के दौरान पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री गड़करी को टी पाइंट से रानी अवन्ति बाई चौक तक प्रस्तावित पुलिया को कुड़वा नाके तक विस्तारित करने का अनुरोध किया जिससे शहर का ट्रैफिक भारी वाहनों से मुक्त रह सके।

गड़करी ने विषय की गंभीरता को समझते हुए संबंधित अधिकारीयों को इस संदर्भ में प्रस्ताव सादर करने के निर्देश दिये है। गोपालदास अग्रवाल ने गड़करी के प्रति आभार मानते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि नए प्रस्ताव में यह पुलिया निश्चित ही कुड़वा तक विस्तारित हो जाएगा।

गोंदिया में शिव महापुराण के आयोजन को लेकर भारी उत्साह आगामी 25 जनवरी 2027 से प्रस्तावित शिव महापुराण को लेकर गोंदिया में भारी उत्साह देखा जा रहा है और पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के नेतृत्व में कथा के आयोजन को भव्य से भव्यतम बनाए जाने के लिए प्रयास प्रारंभ कर दिए गए हैं।

# गोंदिया के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से 9 ए साइड नेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप में महाराष्ट्र टीम उपविजेता..

### ए एस क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों ने दिखाया दम..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*9 ए साइड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय 9-ए साइड क्रिकेट चैंपियनशिप में ए एस क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों ने महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए उपविजेता पद हासिल किया। 19 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस स्पर्धा में पूरे*

भारत भर से 12 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। महाराष्ट्र टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान उत्तर प्रदेश हरियाणा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में दिल्ली से हुए इस मैच में काफी रोमांचक मैच में महाराष्ट्र के टीम को हार का सामना करना पड़ा।

महाराष्ट्र की टीम को दूसरे पुरस्कार से संतोष करना पड़ा। मैन ऑफ द मैच केदार्थ केरवतकर, सुजल वानखेड़े, और रूपेश रहांगडाले को फाइटर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। विराज दुगड, युग बिसेन, श्रवण माने का बल्लेबाजी और गेंदबाजी में विशेष योगदान रहा। टीम के कोच भावेश नागरिकर, सचिव अनिल सहारे सर को भी सम्मानित किया गया। टीम की सफलता पर संगठन के अध्यक्ष डॉ. विमलेश अग्रवाल, संजय भास्कर, संजीव हेमने, किशोर पर्वते, जितेंद्र कुकड़े, अश्विन सहारे, स्नेहल भगत मैडम, अजय इंगले, किशोर देशकर, चंद्रशेखर कावडे कोच, विकास माने, संजय बिसेन सर, भारती बिसेन मैडम, चेतना इंगले मैडम, अमोल जायसवाल, प्रणय जैन, तेजस खोबरागड, चिरायु पंधरे, टिंकेश कापसे ने शुभकामनाएं दी है।

# गोंदिया जिला शतरंज प्रतियोगिता में नागपुर के शुभम लाकुडकर बने चैंपियन






जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन एवं कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गोंदिया डिस्ट्रिक्ट जी.एम. रायसोनी स्मृति रैपिड शतरंज टूर्नामेंट में नागपुर के शुभम लाकुडकर ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम*

किया। उन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में 6 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में विश्वदीप अवस्थी द्वितीय तथा अमोल तावड़े तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा विभिन्न आयु वर्गों एवं विशेष श्रेणियों के विजेता खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। गोंदिया जिला वर्ग में प्रभाकर पालांदुरकर ने प्रथम, ऋतिक चव्हाणी ने द्वितीय तथा मयूर रंगी अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

15 वर्ष, 13 वर्ष, 11 वर्ष, 9 वर्ष एवं 7 वर्ष आयु वर्ग की बालक एवं बालिका प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सभी विजेता एवं सहभागी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

पुरस्कार वितरण समारोह में जीडीसीए के उपाध्यक्ष पिपरीकर, सचिव मुकेश बाराई, पूर्व सचिव, श्रीमती प्रिया ललित अग्रवाल एवं श्रीमती दीपिका चुटेटिया सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का प्रतिवेदन मुख्य निर्णायक श्याम अग्रवाल ने प्रस्तुत किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन डी. वी. चौरे एवं आभार प्रदर्शन नियाज शेख ने किया।






# 41 वीं यूथ स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में गोंदिया टीम की कमान संभालेंगी पावनी गौतम




जगप्रेरणा गोंदिया।

*साकेत पब्लिक स्कूल गोंदिया की होनहार छात्रा पावनी गौतम का चयन 41 वीं यूथ स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए गोंदिया जिला बालिका बास्केटबॉल टीम की कप्तान के रूप में किया गया है।*

यह प्रतियोगिता 4 से 9 जुलाई 2026 तक डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गारखेड़ा परिसर, छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र) में आयोजित की जा रही है। पावनी गौतम को टीम की कप्तानी सौंपा जाना उनकी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, अनुशासन, कड़ी मेहनत और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण माना जा रहा है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल साकेत पब्लिक स्कूल बल्कि पूरे गोंदिया जिले का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। साकेत पब्लिक स्कूल के प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने पावनी गौतम को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन और उज्ज्वल सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com